नमामि देवी नर्मदे

।। श्री हरिः ।।

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

नर्मदापुरम, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 ■ वर्ष : 22 ■ अंक : 1 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1 रुपया www.amritdarshan.com Email : amritdarshan@yahoo.com RNI NO. MPHIN /2004 /13927

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री निवास पर किसान सम्मेलन कल होगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री निवास पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में नर्मदापुरम, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, रायसेन एवं विदिशा जिले से लगभग 2500 किसान शामिल होंगे। सम्मेलन में किसानों को भावांतर योजना के संबंध में जानकारी दी जाएगी एवं योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। योजना अंतर्गत किसान 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक मंडी में फसल बेच सकेंगे। किसानों को 15 दिवस में भावांतर की राशि उनके आधार लिंक बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाएगी। भावांतर योजना के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर तक होंगे।

### पाकिस्तान में खून से सनी सड़क, 15 की दर्दनाक मौत




**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यहां स्वात मोटरवे पर एक सुरंग के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक ही खानाबदोश परिवार के 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रेस्क्यू 1122 आपातकालीन सेवा के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दुर्घटना मलाकंद जिले में स्वात मोटरवे पर हुई। ट्रक में सवार सभी पीड़ित स्वात की बहरीन तहसील के जिब्राल इलाके के रहने वाले एक खानाबदोश परिवार के सदस्य थे। यह परिवार मौसमी प्रवास के तहत एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर जा रहा था, तभी यह भयानक हादसा हो गया। मृतकों और घायलों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन से दोगुनी होगी पशुपालक किसानों की आय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गो-माता और गो-पालन का हमारी सनातन संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। जो गो-पालन करता है वह गोपाल है और जहां गो-पालन होता है वह घर गोकुल है। गो-संरक्षण एवं संवर्धन सरकार की उच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सरकार समाज के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालक किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा। मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ गो-वंश से समृद्ध राज्य है। देश के दुग्ध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है। हमारी सरकार का लक्ष्य है इसे 20 प्रतिशत तक ले जाना। इसके लिए प्रदेश के गांव-गांव में दुग्ध समृद्धि संपर्क चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सक घर-घर जाकर पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के विभिन्न आधुनिक तरीकों, पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पशु पोषण आदि के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2024-25 को गो-संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए।

## अंतर्मना उवाच

***भावनाओं का कहाँ द्वार होता है.. जहाँ मन मिल जाये, फिर वहीं हरिद्वार होता है।***



*परंतु आज का आदमी बड़ा ना-समझ, नादान और मूर्ख है..!! दूसरों के विषय में बड़ी जल्दी निर्णय ले लेता है कि वह कैसा है..!* ***तुम एक मिनट में किसी को भगवान मान लेते हो और दूसरे मिनट में वही तुम्हें शैतान नजर आने लगता है।*** *तुम्हारी श्रद्धा बड़ी उथली और छिछली है। तुम्हारी श्रद्धा नाभि से नहीं फूटी। यही कारण है कि एक पल में तुम उन्हें भगवान मान लेते हो। और दो कड़वे शब्द कह दे तो, तुम निंदा आलोचना पर उतर आते हो।* ***जब श्रद्धा - लोभ और स्वार्थ से भरी होती है, तब अपने श्रद्धेय के प्रति ऐसे भाव मन में आते है।***

*कौन व्यक्ति कैसा है, यह निर्णय बहुत सोच समझ कर लेना चाहिए।* ***जिसे हमने अपना मान लिया है, अर्पण और समर्पण कर दिया हो, फिर मन में अविश्वास का भाव नहीं आना चाहिए।*** *ना तर्क बुद्धि लगाना चाहिए। अब सिर्फ* ***श्रद्धा से जियो*** *और अपने* ***आराध्य के आदेशों*** *का हृदय से पालन करो। क्योंकि -*

***मैं उसी का जिम्मेदार हूँ, जो हमने कहा है.. उसका नहीं, जो तुमने समझा है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने बिहार में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया

# दुनिया में भारत के मान-सम्मान के लिए एनडीए की सरकार जरूरी

**पटना, ■ एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कुम्हरार विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय गुप्ता एवं विक्रम विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ का नामांकन जमा कराया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुम्हरार विधानसभा के कदमकुआं एवं विक्रम विधानसभा के पार्वती विद्यालय के मैदान में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और सेनाएं तैयार हो गई हैं। जिस प्रकार का समय आज सारी दुनिया में चल रहा है, उसे देखते हुए भारत को दुनिया में मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ाने के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है। बिहार में विकास की इबारत लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनना निश्चित है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास सिर्फ बोलती नहीं है, करके दिखाती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा और एनडीए को रिकॉर्ड मतों से जिताने का संकल्प लें।

सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना का 100 वां वर्ष मना रहा है। यह संगठन पारस की तरह है, जिसके संपर्क में जो भी आता है, वह सोना बन जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनुष्य को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए जिस प्रकार के संस्कार प्रदान करता है, वह कहीं और मिलना कठिन है। भारतीय जनता पार्टी में यह तीसरी-चौथी पीढ़ी चल रही है। एक पीढ़ी जिस तरीके से अगली पीढ़ी को नेतृत्व सौंपती है, वह सिर्फ भाजपा में ही हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं, जब बोलते हैं, अपने मनोभाव व्यक्त करते हैं, तो ऐसा लगता है कि वह अरबन नक्सलियों वाली मानसिकता से ग्रसित हैं। वो क्या बोलते हैं, कैसा बोलते हैं और किस भाषा में बोलते हैं? लेकिन ये उनका दोष नहीं है। जब परिवार में 3-4 पीढ़ी से ऐसी ही परंपरा रही हो, तो वहां संस्कारों की अपेक्षा करना ही मुश्किल है।



**सबका साथ-सबका विकास बोलकर नहीं, करके दिखाती है भाजपा**

### एनडीए सरकार ने बनाया बिहार को विकास का मॉडल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आप लोगों ने 2004-2005 के पहले का बिहार देखा होगा। उस समय बिहार में डकैतों का बोलबाला था, कितनी खराब हालत थी। यहां जंगलराज था। इसके लिए कांग्रेस भी जवाबदेह है। कांग्रेस के कुशासन के परिणाम बिहार और पूरा देश भुगत रहा है। लायसेंस, कोटा, परिमिट वाली व्यवस्था ने बंटाढार कर दिया। कांग्रेस ने बिहार और देश को बर्बाद कर दिया। बाद में बिहार को लालटेन को पकड़ा दिया। एक परिवार के हाथों में पूरी सत्ता केंद्रित हो गई और बिहार के विकास की गति रुक गई। लेकिन समय के साथ जो बदलाव हुआ और जिस तरह से बिहार को विकास का मॉडल बनाया गया, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार का अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद संभालने के बाद से बिहार के विकास के लिए 13 लाख करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि मैं 30-35 साल पहले से पटना को देख रहा हूं, लेकिन आज का पटना बिल्कुल अलग है। बिहार के लोगों में क्षमता और योग्यता की कमी कभी नहीं रही। सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस बिहार से निकलते हैं। कमी थी तो बस सही नेतृत्व और नीयत की। इस कमी को एनडीए की सरकार ने पूरा किया है।

### कांग्रेस करती है सेना, लोकतंत्र और भगवान श्री राम का अपमान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का अपमान किया था, लेकिन बिहार की जमीन स्व. जयप्रकाश नारायण जी की कर्मभूमि है, जिन्होंने आपातकाल में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। हमें इस बात की प्रसन्नता है कि एक गरीब परिवार में जन्मे नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशों में जाकर देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। इन्हें खुद नहीं मालूम और फिर सुप्रीम कोर्ट में जाकर माफी मांगते हैं।

## गुजरात में मंत्रिमंडल का विस्तार आज होगा

# सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**



गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार से पहले राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। गुरुवार को मुख्यमंत्री समेत सभी मौजूदा मंत्रियों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि यह कदम आगामी कैबिनेट विस्तार की तैयारी के तहत उठाया गया है।

सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रिमंडल में लगभग 10 नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है, जबकि करीब आधे मौजूदा मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। बीजेपी संगठन के शीर्ष नेतृत्व की ओर से नए चेहरों को मौका देने और आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए नई टीम तैयार करने की कवायद चल रही है। कैबिनेट विस्तार का कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 11.30 बजे तय किया गया है।

फिलहाल गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं - जिनमें आठ कैबिनेट मंत्री और आठ राज्य मंत्री शामिल हैं। संविधान के अनुसार, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले राज्य में अधिकतम 27 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

हाल ही में हुए राजनीतिक फेरबदल में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा को भारतीय जनता पार्टी की गुजरात इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल की जगह ली। माना जा रहा है कि उनकी यह नियुक्ति भी नए राजनीतिक समीकरणों का हिस्सा है, जिसके चलते पार्टी आगामी मंत्रिमंडल में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की कोशिश करेगी।

### मौजूद मंत्रियों को बदलकर 10 नए चेहरों को मिलेगी मंत्रिमंडल में जगह

गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11.30 बजे होगा

## ट्रम्प बोले- भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा, भारत ने दिया जवाब

# भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उन दावों को लेकर भारत के विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद को रोक सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल की ओर से जारी बयान में कहा गया है।

रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा आपूर्ति का आधार व्यापक बनाना और बाजार की स्थितियों के अनुरूप विविधता लाना शामिल है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं। बता दें कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और दोनों के बीच शानदार संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऐसा आश्वासन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया है। ट्रंप ने कहा कि भारत का यह कदम एक बड़ा कदम है।

# पीएम मोदी ने आंध्र को दी बड़ी सौगात, 13,430 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में राज्य के विभिन्न हिस्सों के लिए 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन पर लगभग 2,880 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी की दोहरी सर्किट वाली कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे बिजली आपूर्ति क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

मोदी ने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनमें कुल 4,920 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) की ओर से संयुक्त रूप से विकसित इन आधुनिक बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्रों में 'प्लग-एंड-प्ले' अवसंरचना और 'वॉक-टू-वर्क' अवधारणा शामिल होगी। इन औद्योगिक केंद्रों से 21,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है, जिससे आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास एवं वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सब्बावरम से शीलानगर तक 960 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की भी आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है।

# प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में 31 अक्टूबर को भोपाल की बेटियाँ देंगी बैंड की प्रस्तुति

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में होगी प्रस्तुति





**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

भोपाल की बेटियाँ राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2025 को गुजरात के एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का मान बढ़ाएंगी।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बैंड प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स स्कूल भोपाल की बालिका टीम ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए देश में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसी टीम को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 31 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए चुना है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में शामिल दो टीमों को आमंत्रित किया है। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल करने वाले भोपाल के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल और बालक वर्ग में देश में पहला स्थान हासिल करने वाली राजस्थान की टीम शामिल है। यह दोनों टीमें संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री शाह की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगी।

### क्रियान्वयन में मप्र का देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन, राष्ट्रपति आज करेंगी सम्मानित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन में देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच राज्यों में स्थान मिला है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 17 अक्टूबर को नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश को सम्मानित करेंगी। प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा राज्य स्तरीय पुरस्कार ग्रहण करेंगे। वे जनजातीय समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुति भी देंगे। पीएम जनमन में शिवपुरी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जायेगा। आदि कर्मयोगी अभियान में देश स्तरीय उत्कृष्ट जिलों में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश की उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर श्रेणी में सहायक शोध अधिकारी श्रीमती सारिका धौलपुरिया सम्मानित होंगी। आदि कर्मयोगी अभियान में अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में बैतूल, धार, पूर्वी निमाड़ और बड़वानी का भी विशेष उल्लेख होगा।

## ।।कक्का जी कहिन।। डी.पी. गोयल

### पाक: कभी भी कुछ भी हो सकता है

*जिस तरह आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत के सामने घुटने टेके। इसी तरह अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध में जहां अफगानिस्तान पाकिस्तान पर हावी हो गया तभी पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल मुनीर ने अफगानिस्तान के सामने घुटने टेकते हुए 48 घंटे का युद्ध विराम करने की अपील अफगानिस्तान से की। जिसे अफगानिस्तान ने स्वीकार कर लिया। छोटा सा अफगानिस्तान और 20 करोड़ की आबादी वाला पाकिस्तान की यह दुर्दशा देखकर खुद पाकिस्तानी शर्मशार हो रहे हैं।*

*जहां तक बिहार की बात है नामांकन पत्रों का दाखिला शुरू हो चुका है। आरजेडी ने कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शाहुद्दीन के लड़के मोहम्मद शाहुद्दीन को टिकिट देकर यह बता दिया है कि उनकी नजर में अपराधी हो, गुंडे हों, बदमाश हो वह उन सभी को टिकिट देने में पीछे नहीं हटेंगे। जो जीतने की क्षमता रखते हों। क्योंकि आरजेडी को सीटों भी संख्या बढ़ाना है। कांग्रेस की सूची आज जारी हो जायेगी ऐसी आशा है। कुछ सीटों को लेकर भाजपा और जनता दल यू.में अभी भी चर्चाएं चल रही है। 17 तारीख को पहले दौर के नामांकन पत्र भरे जाने की अंतिम तारीख है।*

*वहीं दूसरी तरफ गृहमंत्री अमित शाह और योगी का बिहार में दौरा कार्यक्रम घोषित हो गया है। वहीं दूसरी तरफ भा.ज.पा ऐसे सभी भा.ज.पा. शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मंत्री और विधायकों की ड्यूटी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जातिगत आधार पर लगा चुके हैं।*

*भा.ज.पा. के पास प्रचारकों की कमी नहीं है। स्वयं नरेन्द्र मोदी भी बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में चुनावी दौरा करेंगे। और उनका दौरा कार्यक्रम सुनिश्चित होने वाला है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों के दौरे बनाये जा रहे हैं।*

*मैं यह सब लिख रहा था तभी कलि आ गये और बोले सुनो वत्स, तुम्हारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में अंदरूनी हालत बहुत खराब है। प्रधानमंत्री शहनवाज की बोलती बंद है, और जो कुछ मुनीर चाहते हैं वहां हो रहा है।*

*हालात इतनी खराब है कि कुछ भी नहीं कह सकते। कभी भी तख्ता पलट हो सकता है। मैंने कहा प्रभु क्या ऐसा संभव है। कलि बोले वहां की जनता और सेना मुनीर से तंग आ चुके हैं। बस किसी भी समय कुछ भी हो सकता है। इतना कहकर कलि अंतर्ध्यान हो गये।*

**(क्रमशः)**

## भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ

# दिवाली से पहले शेयर बाजार में जश्न!, निवेशकों ने कमाए 2 लाख करोड़

***मुंबई ■ एजेंसी***



*भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 862.23 अंक या 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,467.66 और निफ्टी 261.75 अंक या 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,585.30 पर था।*

*बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंकिंग इंडेक्स 622.65 अंक या 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57,422.55 पर था। निफ्टी ऑटो 1.27 प्रतिशत, निफ्टी आईटी 0.37 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.14 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 2.02 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 1.90 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 0.42 प्रतिशत और निफ्टी सर्विसेज 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 271.15 अंक या 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 59,241.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 43.80 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,131.85 पर था।*

### घरेलु बाजार में मजबूती देखने को मिली

*सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, एचसीएल टेक, एलएंडटी और मारुति सुजुकी टॉप गेनर्स थे। केवल इटरनल (जोमैटो) और इन्फोसिस ही लाल निशान में बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका-भारत के बीच व्यापारिक तनाव कम होने से घरेलू बाजार में मजबूत रिकवरी देखने को मिली।*



## संक्षिप्त समाचार

### 20 अक्टूबर को दीपावली पर रेलवे के आरक्षण केंद्र रविवार के भांति होंगें संचालित

**भोपाल।** दीपावली और लक्ष्मी पूजा के मद्देनजर भोपाल मंडल के सभी आरक्षण (पीआरएस) केंद्रों को दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को रविवार की भांति सुबह 08.00 बजे से दोपहर 14.00 बजे तक संचालित किए जायेंगे। अनारक्षित टिकट काउंटर नियमित दिनों कि भांति कार्यरत रहेंगे। सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवन एवं आईआरसीटीसी की अधिकृत बेबसाइट अथवा एप पर यात्रियों की सुविधा के लिए आरक्षित टिकटों की बुकिंग निरंतर जारी रहेंगें।

### एक्सीडेंट में घायल 62 साल के वृद्ध को डायल-112 ने पहुंचाया हॉस्पिटल

**भोपाल/सागर।** सागर थाना सिविल लाईन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए 62 वर्षीय बुजुर्ग को डायल-112 के जवानों ने मौके पर ही प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में गुरुवार को सूचना मिली की सागर जिले थाना सिविल लाईन क्षेत्र में बम्होरी तिराहे के पास मोटर साईकिल से गिरकर एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गए है। हादसे की खबर मिलते ही तत्काल सिविल लाईन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। वाहन में तैनात स्टाफ आरक्षक योगेश दुबे एवं पायलेट प्रशांत ने एफआरव्ही वाहन में मौजूद टूलकिट में फर्स्ट एड बॉक्स की मदद से घायल का प्राथमिक उपचार किया और हाईवे चिकित्सा वाहन से जिला अस्पताल सागर में भर्ती कराया, जहाँ घायल बुजुर्ग कैलाश रैकवार (62) निवासी अहमदनगर सागर का उपचार किया जा रहा है।

### रास्ता भटके मासूम के लिए वरदान बनी डायल-112

**भोपाल/विदिशा।** विदिशा के थाना गंजबासौदा इलाके में घर का रास्ता भटके 8 साल के मासूम बच्चे को सूचना मिलते ही पहुचीं डायल-112 के जवानों की मदद से उसे सकुलश उसके परिजनो तक पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में बीती रात करीब 10 बजे सूचना मिली की विदिशा के थाना गंजबासौदा क्षेत्र में होटल ऋतुराज गार्डन के पास एक 8 साल का बालक लावारिस मिला है, जो अपने घर का रास्ता भटक गया है। खबर मिलने पर तत्काल गंजबासौदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए मौके पर रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक संतोष मरकाम एवं पायलेट निकेश दांगी ने मौके पर पहुँचकर बालक को अपने संरक्षण में लिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**भोपाल।** पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रात के समय सूचना मिली थी, कि रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रेल यात्रा के दौरान पटाखे, विस्फोटक या ज्वलनशील वस्तुएं प्रतिबंधित-नियम उल्लंघन पर जुर्माना या कैद का प्रावधान

# आरपीएफ ने चार दिनों में 1 लाख से अधिक कीमत के ज्वलनशील पटाखे एवं 2 घरेलु गैस सिलेण्डर पकड़े

**भोपाल ■ निसं**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार सघन निगरानी की जा रही है। दीपावली के समय यात्रियों द्वारा पटाखे या अन्य ज्वलनशील वस्तुएं साथ लाने के कारण कभी-कभी दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं, जिनसे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। रेल प्रशासन ने चेतावनी दी है कि एक छोटी सी चिंगारी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे पटाखे, पेट्रोलियम उत्पाद, गैस सिलेंडर, केरोसिन, माचिस, स्टोव, लाइटर, सूखी झाड़ियाँ या पत्तियाँ साथ ले जाना अत्यंत खतरनाक है और भारतीय रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 67, 164 और 165 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने पर 1000 रूपये तक का जुर्माना, तीन वर्ष तक की कैद अथवा दोनों का प्रावधान है।

इस सघन जाँच अभियान के अक्टूबर माह में 08 अक्टूबर को भोपाल स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12197 (भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी) में एक यात्री के पास से 12 आईटम कुल 28 पैकेटो (ज्वलनशील पटाखे



सामग्री) अनुमानित कीमत लगभग 13,950/, 09 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस में एक व्यक्ति के पास से 17 आईटम कुल 125 पैकेटो (ज्वलनशील पटाखे) अनुमानित कीमत लगभग 38,750/- रु बरामद, 09 अक्तूबर को भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 02/03 पर एक व्यक्ति को बोरी में 4.450 किलोग्राम वजनी घरेलु गैस सिलेण्डर बरामद, 11 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में एक यात्री से 03 आईटम कुल 31 पैकेटो (ज्वलनशील पटाखे) अनुमानित कीमत लगभग 23,000/-, 11 अक्टूबर को भोपाल स्टेशन पर प्लेटफार्म क्रमांक 06 इंट्री गेट चैंकिंग ड्यूटी पर तैनात द्वारा एक व्यक्ति संदिग्ध से 29 पैकेट विस्फोटक पटाखे एमआरपी कुल कीमत- 13,110/- रूप्यें जप्त, 11 अक्टूबर को चार प्रकार के विष्फोटक पटाखे के बण्डल कुल कीमत 12,068/- एवं 11 अक्टूबर को भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 01 के वेटिंग हॉल बैगेज स्कैनर के पास एक व्यक्ति को थैले में घरेलु गैस सिलेण्डर जप्त किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के पटाखे, गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीज़ल, केरोसिन, स्टोव, माचिस, सिगरेट लाइटर या अन्य विस्फोटक पदार्थ साथ न रखें। ऐसा करना स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य यात्रियों की जान के लिए भी आवश्यक है।

भोपाल मंडल रेलवे प्रशासन का प्रयास है कि सभी यात्रियों की यात्रा सुरक्षित, सुगम और सुखद हो तथा वे अपने गंतव्य तक सकुशल पहुँचें।

## मंदिर के बाहर से 5 साल की मासूम को किया अगवा

# पुलिस की नाकाबंदी से डरा अज्ञात आरोपी मासूम को आईएसबीटी पर छोड़कर भागा

- ■ 14 थानों के 200 पुलिसकर्मियों ने रात भर की सर्चिंग
- ■ सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश जारी

**भोपाल ■ निसं**

शहर के हबीबगंज थाना इलाके में बुधवार देर रात एक अज्ञात युवक ने मंदिर के बाहर से 5 साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया। इसकी सूचना मिलते ही देर रात सूचना फौरन ही एक्शन मोंड में आ गई और शहर भर की नाकाबंदी कर सर्चिंग अभियान चलाया गया। अभियान में 14 थानो टीआई अपने थाना स्टॉफ और अन्य थानों की पुलिस टीमो के 200 पुलिसकर्मी मैदान में उतर आये। पुलिस टीमो ने शहर के सारे संभावित पाइंट पर रात भर चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस की मेहनत के शानदार परिणाम मिले और शहर की नाकाबंदी और पुलिस का सर्चिंग अभियान देख अज्ञात आरोपी मासूम को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गुरुवार सुबह मासूम को आईएसबीटी गोविंदपुरा से दस्तयाब कर लिया। परिजनों की मौजूदगी में जेपी अस्पताल में कराये गय मेडिकल परीक्षण में बच्ची के साथ मारपीट किये जाने की बात सामने आई है, उसके चेहरे और सिर पर भी मारपीट के निशान मिले हैं। वहीं मेडिकल में बच्ची को निमोनिया होने की बात सामने आने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगे की जॉच में पुलिस मासूम की अस्पताल में ही काउंसलिंग करायेगी। जिसके बाद इस बात का अहम सुराग हाथ लग सकेगा की उसे ले जाने वाले आरोपी का हुलिया कैसा है, और उसने बच्ची के साथ किसी तरह की गलत हरकत तो नहीं की है। हालांकि, अब तक बच्ची के साथ गलत काम की पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रो के अनुसार पुलिस को सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में सदिंग्ध का हुलिया मिला है, जिसके साथ बच्ची जाती नजर आ रही है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे 1100 क्वार्टर मंदिर के सामने से पांच साल की मासूम बच्ची लापता हो गई थी। मासूम स्कूली छात्रा है, रात में थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर बच्ची की सर्चिंग शुरू कर दी। अलकरीब सुबह साढ़े चार बजे बच्ची आईएसबीटी बस स्टैंड पर मिली। बताया जा रहा है की आरोपी बच्ची चॉकलेट का लालच देकर अपने साथ ले गया था, हबीबगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### स्कूली छात्रा है मासूम बच्ची

पुलिस के मुताबिक बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे 1100 क्वार्टर मंदिर के सामने से पांच साल की मासूम बच्ची लापता हो गई थी। वे स्कूली छात्रा है, रात में थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस को खबर दी तो पुलिस ने रात में सर्चिंग शुरू कर दी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। करीब सुबह साढ़े चार बजे बच्ची आईएसबीटी बस स्टैंड पर मिली।

### पुलिस की तलाशी देख भागा बदमाश

उसके साथ बदमाश भी था, लेकिन वह पुलिस की सर्चिंग देख घबरा गया और मासूम को छोडक़र भाग गया। बच्ची के साथ आरोपी ने मारपीट की है। उसके चेहरे पर चोट के निशान मिले है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है। आरोपी की तलाश में हबीबगंज पुलिस जुटी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि मासूम को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। उसके साथ मारपीट की गई है, इसकी पुष्टि मेडिकल परीक्षण के माध्यम से कराई जा रही है। साथ ही पुलिस उस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। बताया जाता है कि आरोपी ने मासूम को मुंह दबाकर अगवा किया था। क्योंकि उसके चेहरे पर नाखून के निशान हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पीएम रिपोर्ट से होगा मौत के कारणों का खुलासा

# नाना-नानी के घर आई 3 साल की मासूम की बाथरुम में गिरने से मौत

**भोपाल ■ निसं**

नये शहर के कोलार थाना इलाके में बीती सुबह तीन साल की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को परिजनों ने बताया की बच्ची बाथरूम में स्लिप होकर गिर गई थी।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच शुरु कर दी है। पीएम रिपोर्ट के आने बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। पुलिस के अनुसार, आयशा निर्मलकर पुत्री अनिल निर्मलकर (3), मूलरूप से रायपुर, छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। वह माता पिता के साथ रायपुर में रहती थी। आयशा के नाना-नानी अब्बास नगर, कोलार में रहते हैं। करीब पांच दिन पहले आइशा मां के साथ नाना- नानी के घर आई हुई थी। आइशा की मां ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह आइशा घर में खेल रही थी। खेलते समय वह बाथरूम गई और अचानक ही वहॉ गिर गई। गिरने से उसे सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोट आई थी। उसके गिरने पर उसके मुंह से चीख निकली और थोड़ी देर रोने के बाद वह बेसूध हो गई। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पीमए के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# रानी कमलापति-निजामुद्दीन के बीच आज एवं कल पूजा स्पेशल ट्रेन चलेगी

**भोपाल ■ निसं**

दीपावली पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन-रानी कमलापति के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी रानी कमलापति से प्रस्थान कर विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। यह पूजा स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन के बीच दोनों दिशाओं में दिनांक 17.10.2025 एवं 18.10.2025 को संचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन में विभिन्न श्रेणी के कुल 22 कोच होंगें।

सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशन विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा ठहराव कर रात 20:15 बजे हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01662 हज़रत निजामुद्दीन स्टेशन से रात 21:25 बजे प्रस्थान कर मध्यवर्ती स्टेशन मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, विदिशा ठहराव कर अगले दिन सुबह 10:50 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन में आरक्षण सुविधा का लाभ एवं ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

# डॉक्टर्स की इमरजेंसी कक्ष में उपस्थिति सुनिश्चित करें : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल ■ निसं**

उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय सागर के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं कि सभी डॉक्टर समय का पालन करते हुए मरीजों का उपचार करें। इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटी के अनुसार डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं की जांच और उपचार समय पर होना चाहिए। प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित जांच शिविरों में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा समुचित परीक्षण किए जाएं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई, स्वच्छता और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी शीघ्र पूरी की जाएगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। उन्होंने बताया कि टेलीमेडिसिन व्यवस्था से विशेषज्ञ डॉक्टर्स की सलाह ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे उपचार में पारदर्शिता और गति आई है। उन्होंने यह भी कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों के पोषण हेतु पोषण पुनर्वास केंद्रों में लक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, बीएमसी डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गेस्ट फैकल्टी मामले में एनआरआई नर्सिंग कॉलेज को रजिस्ट्रार ने जारी किया नोटिस

# एनएसयूआई की क्राइम ब्रांच में शिकायत के बाद एक्शन मोड में आया एमपी नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल

**भोपाल ■ निसं**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में फैकल्टी और दस्तावेजों में हो रहे फर्जीवाड़े के खिलाफ एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार द्वारा की शिकायत के बाद मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल एक्शन मोड में आ गया है। गौरतलब है कि एनएसयूआई द्वारा बीते सप्ताह भोपाल क्राइम ब्रांच पहुंचकर एनआरआई नर्सिंग कॉलेज में फर्जी फैकल्टी, फर्जी मान्यता और दस्तावेजों की शिकायत प्रमाण सहित करते हुए इन गड़बड़ियों को लेकर कॉलेज संचालकों और नर्सिंग काउंसिल के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। शिकायत के बाद मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के रजिस्ट्रार ने कॉलेज संचालक को नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब मांगा है।



### अन्य फर्जी कॉलेजों के खिलाफ भी चलाया जाएगा अभियान

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि एनआरआई नर्सिंग कॉलेज लंबे समय से शासन-प्रशासन को गुमराह कर फर्जी तरीके से कॉलेज संचालित कर रहा है। हमने क्राइम ब्रांच से कॉलेज संचालकों जिसमें चेयरमैन सुबोध सिंह, वाइस प्रेसिडेंट डी. प्रमोद सिंह, सचिव जयश्री, सदस्य ममता गौतम और ज्योति गौतम पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। अब जब नर्सिंग काउंसिल ने नोटिस जारी किया है, तो यह हमारी शिकायतों की पुष्टि करता है। यदि क्राइम ब्रांच और काउंसिल कार्रवाई नहीं करते, तो एनएसयूआई साक्ष्यों के साथ माननीय न्यायालय की शरण लेगी।ß वहीं संगठन के भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा में फैला भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# पाल समाज 22 अक्टूबर को करेगा गोवर्धन की पूजा

**भोपाल ■ निसं**

प्लेटिनम प्लाजा के सामने स्थिति पाल समाज श्री कृष्णा गोवर्धन गिरिराज मंदिर गोवर्धन पूजा का आयोजन 22 अक्टूबर को पाल, बघेल समाज द्वारा किया जायेगा इस दौरान बड़ी सख्या में स्वजातीय बंधु पूजा अर्चना के लिये एकत्रित होगे पाल समाज द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण गोर्वधन गिरिराज पूजन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा शैतान सिंह पाल होगें।

इसके अलावा विधायक भगवान दास सबनानी नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी डा. राजेन्द्र पाल अध्यक्ष अहिल्याबाई कल्याण बोर्ड केबिनेट मंत्री दर्जा म.प्र. शासन। श्रीमती जागृति पाल सरपंच मेडोरी। जगदीश यादव पार्षद श्रीमती आरती अनेजा पार्षद वार्ड-32, श्रीमती बृजुला सचान पार्षद वार्ड क्र.31 मुख्य रुप से उपस्थित होंगे। पाल बघेल समाज के अध्यक्ष महेनद्र सिंह बघेल उपाध्यक्ष जयराम बघेल ने पाल बघेल समाज श्रीकृष्ण गोर्वधन मंदिर पर विगत 50 वर्षो से कार्यक्रम किया जा रहा है इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा का आयोजन 22 अक्टूबर 25 को किया जावेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष खीर मालपुये के विशाल भंडारे आयोजन होगा।

आयोजन में भव्यता लाने एवं एक जुटता दिखाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक लोग उपस्थित हुए पाल बघेल समाज श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर समिति द्वारा उनका कार्यक्रम आयोजित लिया जा रहा है जिसमें शासकीय सेवा से निवृत्त कर्मचारी 10वीं एवं 12वीं में मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल-खूद में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का मंदिर समिति द्वारा सम्मान किया जायेगा।

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर ट्रक पलटा, दो घायल

**भोपाल/सीहोर।** सीहोर के थाना आष्टा क्षेत्र अंतर्गत इंदौर-भोपाल रोड पर ट्रक पलटने से घायल हुए दो लोगो को डायल-112 की मदद से अस्पताल पहुँचाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में बीती सुबह करीब पौने दस बजे सूचना मिली की सीहोर के थाना आष्टा क्षेत्र में बेदा खेड़ी गाँव के पास इंदौर भोपाल रोड पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से 2 व्यक्ति घायल हो गए है। खबर मिलते ही तत्काल आष्टा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। पुलिसकर्मियो प्रधान आरक्षक सचिन पटेल एवं पायलट रिंकू मेवाड़ा ने घटनास्थल पर पहुँचकर दोनों घायलों को एफआरव्ही वाहन की मदद से ही इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आष्टा में भर्ती करवाया, जहाँ घायल व्यक्तियों महबूब पिता हनीफ और सुल्तान निवासी गोधरा गुजरात का उपचार किया जा रहा है। घटना में आगे की कार्यवाही संबंधित थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

## 1 करोड़ युवाओं को एआई प्रशिक्षण का लक्ष्य

# आईसेक्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लिटरेसी मिशन का किया शुभारंभ

**भोपाल ■ निसं**

उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी सामाजिक उद्यम आईसेक्ट द्वारा रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लिटरेसी मिशन का शुभारंभ बुधवार को एसजीएसयू कैंपस में किया गया। यह महत्वाकांक्षी योजना संतोष शुक्ला द्वारा लिखित और आईसेक्ट पब्लिकेशन से प्रकाशित पुस्तक कृत्रिम बुद्धिमता - कृत्रिम नहीं, असली क्रांति के विमोचन के साथ शुरू की गई। साथ ही कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लिटरेसी मिशन के पोस्टर का भी अनावरण




किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आईसेक्ट के चेयरमैन संतोष चौबे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरू डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, सायबर एक्सपर्ट रघु पांडे, लेखक संतोष शुक्ला, आईसेक्ट पब्लिकेशन की हैड ज्योति रघुवंशी, आईसेक्ट के मार्केटिंग एवं पीआर हैड मनोज त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने एआई के बढ़ते महत्व पर चर्चा की और स्किल्स को बढ़ावा देने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट्स का जिक्र किया। आगे उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आने वाले समय की भाषा है, और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत का हर युवा इस भाषा को समझे और इसका उपयोग अपने करियर, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए कर सके। आईसेक्ट का यह मिशन केवल तकनीकी प्रशिक्षण नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नवाचार, उद्यमिता और भविष्य की संभावनाओं को जगाने की एक राष्ट्रीय पहल है। हमारा प्रयास है कि एआई सिर्फ़ बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव और छोटे कस्बों तक पहुँचे, ताकि विकसित भारत 2047 का सपना सच हो सके। आगे उन्होंने बताया कि यह पहल भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन और नीति आयोग के ढ्ढ रोडमैप के अनुकूल है। नीति आयोग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 'विकसित भारत 2047' के विजन को प्राप्त करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। इसके लिए आवश्यक है कि शैक्षणिक स्तरों पर ढ्ढ कोर्सेज का एकीकरण हो, टियर-2 और टियर-3 शहरों में ढ्ढ और डेटा लैब्स स्थापित हों और कृषि, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे क्षेत्रों में ढ्ढ का तेजी से उपयोग बढ़े।

रघु पांडे ने अपने वक्तव्य में युवाओं से एआई कौशल को सीखने की बात कही। उन्होंने कहा कि भविष्य में लगभग सभी क्षेत्रों में एआई की वजह से बदलाव देखने को मिलेंगे जिसके लिए हमें आज खुद तैयार करने और सीखते रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में संतोष चौबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि पहले जब कम्प्यूटर आया तो उसके लिए पुस्तकें लिखी गईं। इसी क्रम में अब एआई पर अच्छी पुस्तकों की महती आवश्यकता है। इसके अलावा उन्होंने एआई लिटरेचर डेटाबेस बनाने की बात भी कही जिससे बेहतर उपयोग के लिए समृद्ध बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि एआई लिटरेसी मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश के एक करोड़ युवाओं को एआई शिक्षा, अनुसंधान और उद्यमिता में प्रशिक्षित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### धनतेरस से दो दिन ट्रॉफिक व्यवस्था बदलेगी

सागर। सागर के कटरा क्षेत्र में दो दिन ट्रैफिक व्यवस्था बदलेगी। 18 से 20 अक्टूबर तक 14 घंटे तक तीन और चार पहिया वाहनों की एंट्री नहीं हो सकेगी। क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक यह लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार लोगों को सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने यह कदम उठाया गया है। प्रतिबंधित वाहन तीन मढ़िया, एलिवेटेड कॉरिडोर, राधा तिराहा, अप्सरा टॉकीज, विजय टॉकीज, मोतीनगर तिराहा, राहतगढ़ बस स्टैंड वनवे से कटरा की ओर प्रवेश नहीं कर सकेंगे ।इसके अलावा तीन बत्ती से कटरा मस्जिद तक सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। संभावित भीड़ को देखते हुए वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध को अतिरिक्त समय के लिए घटाया व बढ़ाया भी जा सकता है। पुलिस ने कहा कि प्रतिबंधित मार्गों से कोई भी अपने तीन पहिया, चार पहिया (ऑटो, आपे, लोडर आपे, कार) आदि वाहनों का प्रवेश नहीं करेंगे।

### 11 बोरियों में रखा 1 क्विंटल नकली मावा जब्त

सागर। दीपावली पर्व को देखते हुए सागर जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य विभाग ने कार्रवाई शुरू की है। बुधवार रात खाद्य विभाग और प्रशासन की टीम ने राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित भोले स्वीट्स और शर्मा स्वीट्स पर कार्रवाई की। मिष्ठान दुकानों पर जांच करने अमानक मिठाइयां और मावा मिला, जिनके सैंपल लिए गए हैं। तहसीलदार संदीप तिवारी ने बताया कि राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित श्रीभोले स्वीट्स की दुकान की जांच की गई। जांच के दौरान मौके से बेसन के लड्डू की चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जांच कराई गई। इसमें अखाद्य रंग की पुष्टि होने पर 7 किलो बेसन के लड्डू को जब्त किया गया। इसके अलावा नरेंद्र पाठक द्वारा संचालित शर्मा स्वीट्स पर भी कार्रवाई की गई।

### 40 माह से वेयरहाउस मालिकों का नहीं हुआ भुगतान

# जबलपुर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे, बोले- धान खरीदी में नहीं खुलेगा वेयरहाउस




जबलपुर ■ निसं

जबलपुर जिले में करीब साढ़े चार सौ से अधिक वेयरहाउस है, पर संचालकों का बीते 40 माह से किराया नहीं मिला है, जिसको लेकर एक सप्ताह से जिले भर के वेयरहाउस मालिक कृषि उपज मंडी स्थित संभागीय कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हुए है। वेयरहाउस मालिकों का कहना है कि शासन से किराए का भुगतान ना होने पर बैंक की और से किस्त का लगातार दबाव आ रहा है। वेयरहाउस मालिकों ने शासन को यह भी चेतावनी दी है कि अगर शासन ने हमारी मांग नहीं मानी तो अगले माह से होने वाली धान की खरीदी के दौरान जिले का कोई भी वेयरहाउस मालिक शासन की खरीदी में शामिल नहीं होगा, और ना ही वेयरहाउस के दरवाजे खोले जाएंगे। इधर वेयरहाउस लाजिस्टिक कार्पोरेशन के मैनेजर का कहना है कि शासन से लगातार बात चल रही है, जल्द ही किराया रिलीज हो जाएगा।

**एक सप्ताह से धरने पर बैठे है मालिक:** धान खरीदी हो या फिर गेंहू...शासकीय वेयरहाउस के अलावा निजी वेयरहाउस में बड़ी संख्या में भंडारण किया जाता है। जबलपुर जिले में साढ़े चार सौ से अधिक निजी और करीब 40 से अधिक सरकारी वेयरहाउस है। भंडारण के बाद शासन वेयरहाउस संचालकों को किराया देती है, पर प्रदेश के जबलपुर जिले के वेयरहाउस मालिकों को 40 माह से अधिक का समय होने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है, जिसके विरोध में जिले भर के तमाम वेयरहाउस के मालिकों ने शासन के खिलाफ धरने पर बैठे हुए है।

#### खरीदी में नहीं होगें शामिल

भुगतान ना होने से नाराज वेयरहाउस संचालकों ने शासन को चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं होता है, तो आगामी नवंबर से होने वाली धान खरीदी में कोई भी निजी वेयरहाउस मालिक शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि खरीदी के बाद धान को जिला प्रशासन मैदान में रखे, बाहर रखे, हमें कोई मतलब नहीं है।

#### बैंक से किया जा रहा है परेशान

वेयरहाउस मालिक दिनेश पटेल का कहना है कि 40 माह से किराया ना मिलने के कारण एनपीए हो चुके है। ऐसे में घर के जेवरात, जमीन-जायदाद बेचकर थोड़ा बहुत पैसा बैंकों के देकर क़िस्त चुका रहे है। लेकिन अब हालात ऐसे हो गए कि बैंक को पैसा देने के लिए घर में कुछ नहीं बचा है। सारे वेयरहाउस मालिक सड़क पर आ गए है।

वेयरहाउस संचालक संघ के अध्यक्ष का कहना है कि भुगतान ना होने के कारण वेयरहाउस में कीटनाशक नाशक दवा का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। वेयरहाउस में बड़ी मात्रा में अनाज रखा हुआ है, जो कि खराब होने की स्थिति में आ गया है। वेयरहाउस मालिकों ने शासन से मांग की है, कि जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। उन्होंने बताया कि 130 करोड़ रुपए सिर्फ जबलपुर जिले का है।

#### शासन से बात की जा रही है

बीते एक सप्ताह से धरने पर बैठे वेयरहाउस संचालकों की चेतावनी का असर अभी तक अधिकारी और शासन पर नहीं पड़ा है, हालांकि वेयरहाउस लाजिस्टिक एंड कार्पोरेशन के मैनेजर का कहना है कि शासन को पत्राचार किया गया है, जल्द ही भुगतान रिलीज हो जाएगा। जीएम संतोष कुमार सोलंकी का कहना है कि जमाकर्ताओं के द्वारा पैसा नहीं दिया गया है, जिसके चलते वेयरहाउस मालिकों को भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने बताया इस समस्या से मुख्यालय को अवगत करवाया गया है। वेयरहाउस के धान खरीदी में शामिल होने पर जीएम का कहना है, कि हम वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे है।

**पैदल मार्च निकाला-कलेक्टर से मुलाकात की:** एक सप्ताह से धरने पर बैठे वेयरहाउस मालिकों ने शासन और जिला प्रशासन के खिलाफ कृषि उपज मंडी से घंटाघर तक पैदल मार्च किया और ज्ञापन भी सौंपा, इसके अलावा जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से मुलाकात की। वेयरहाउस संचालकों ने कहा है कि जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा।

## कलेक्टर व एसपी ने पटाखा बाजार और पटाखा गोदाम का किया निरीक्षण



खंडवा ■ निसं

कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने गुरुवार को आनंद नगर स्थित आईटीआई के मैदान में लगाए गए पटाखा बाजार पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि दुकान की अग्नि से सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा है। इसके बावजूद पटाखा दुकानदारों को भी अपनी दुकान की अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं रखना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार मैदान में फायर ब्रिगेड तथा पर्याप्त मात्रा में रेत और अग्निशमन संबंधी सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने दो दुकानों के बीच में पर्याप्त स्थान खाली छोड़ने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर गुप्ता ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटाखा बाजार में विद्युत की लूज फिटिंग के कारण कोई अग्नि दुर्घटना ना हो यह सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक राय ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो दुकानदार अग्नि से बचाव के लिए आवश्यक उपाय न करें उनकी दुकान बंद कराई जाए। कलेक्टर गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक राय ने छैगांवदेवी स्थित आतिशबाजी के थोक विक्रेता के विक्रय स्थल और भंडारण केंद्र का भी निरीक्षण किया।

## केंद्रीय विद्यालय खंडवा में वोकेशनल लैब का हुआ शुभारंभ



केंद्रीय विद्यालय खंडवा में गुरुवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में नवनिर्मित वोकेशनल लैब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी, आदर्श महाविद्यालय खंडवा के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार जैन, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल्स को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। वोकेशनल लैब में इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार ड्रोन स्टेशन, टॉय लाइब्रेरी, टूल स्टेशन, रोबोटिक स्टेशन सोल्डरिंग स्टेशन और इलेक्ट्रॉनिक हब का प्रदर्शन किया गया, जिसकी कलेक्टर गुप्ता ने सराहना की।

### बुधनी की वर्धमान फैक्ट्री में 2 लोगों की मौत

# निर्माण कार्य के दौरान लोहे का ढांचा गिरने से हादसा, एक घायल

सीहोर ■ निसं




सीहोर जिले के बुधनी स्थित वर्धमान फैक्ट्री परिसर में नए निर्माण कार्य के दौरान लोहे का ढांचा गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरूवार दोपहर की है, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। हादसा बुधनी नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर वर्धमान फैक्ट्री में हुआ। फैक्ट्री में नया बॉयलर से संबंधी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। गुरुवार को करीब 10 फीट की ऊंचाई पर करीब 10 मजदूर काम कर रहे थे। लोहे की वजनी चीज सीधे आ गिरी। जिसमें, 2मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। तीन मजदूर घायल हुए। बुदनी एसडीएम मौके पर पहुंचे थे। मृतक मजदूरों के शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को होगा।

**लोहे का जालीनुमा ढांचा गिरने से हादसा:** बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों से काम कराया जा रहा था। लोहे की जालीनुमा ढांचा गिरने से संदेश पिता रघुनाथ कुशवाह (37 वर्ष, गोपालगंज, बिहार) और कुंदन पिता रईस अंसारे (49 वर्ष, देवरिया, उत्तर प्रदेश) की मौके पर ही मौत हो गई।

घायल मजदूर दिलनवाज पिता सहमद (लगभग 19 वर्ष, गोपालगंज, बिहार) का इलाज अस्पताल में जारी है। प्रशासन ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। मृतकों के परिजनों से बातचीत के साथ ही घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं फैक्ट्री मालिक और वहां के कर्मचारी जानकारी नहीं दे रहे हैं। मीडियो को फैक्ट्री के अंदर नहीं जाने दिया गया।

## 2.53करोड़ की ठगी में 2 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज



ग्वालियर ■ निसं

ग्वालियर में रामकृष्ण मिशन के साथ 2.53 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। आरोपियों ने अपनी जमानत याचिका वापस ले ली, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। मामला रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव के साथ हुई साइबर धोखाधड़ी से संबधित है। आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के बहाने 2 करोड़ 52 लाख 99 हजार रूपए हड़प लिए थे। क्राइम ब्रांच ने 15 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल निवासी विश्वजीत बर्मन को गिरफ्तार किया था। विश्वजीत पर एक निजी बैंक के पूर्व मैनेजर काजल जायसवाल और तुषार गोमे के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की राशि तुषार गोमे को दी गई थी। पुलिस ने विश्वजीत की कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य आरोपियों के साथ सोशल मीडिया चैट भी बरामद की है। केस के एक अन्य आरोपी गुरजीत सिंह, जो दिल्ली का निवासी है, को पुलिस ने 27 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया था। गुरजीत पर आरोप है कि ठगी की राशि उसके खाते में आई थी, जिसे उसने चेक के माध्यम से निकाला

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही, सीहोर में कांग्रेस का प्रदर्शन

### राजीव गुजराती ने जिला अस्पताल की अव्यवस्था पर उठाए सवाल




सीहोर ■ निसं

छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत और सीहोर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में और पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल की उपस्थिति में सीहोर जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार के पास आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बद से बदतर हो गई हैं। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से मासूमों की मौत ने प्रदेश को गहरे दुख में डाल दिया है। उन्होंने इस घटना को सरकार और प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताया।

गुजराती ने सीहोर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में आए दिन नए विवाद सामने आते हैं और यहां की स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है और तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी डॉक्टरों का काम कर रहे हैं, जिससे व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### दिलीप बिल्डकॉन पर आयकर विभाग की कार्रवाई

# भोपाल के बाद ग्वालियर के ठिकानों पर रेड, दस्तावेज खंगाले

ग्वालियर ■ निसं



दिलीप सूर्यवंशी

आयकर विभाग ने ग्वालियर में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की है। भोपाल के बाद अब ग्वालियर के दीनदयाल नगर स्थित एक मकान पर रेड डाली गई है, जहां वित्तीय दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। अमृतसर से पहुंची विशेष टीम के दो अधिकारियों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कार्रवाई बीते सोमवार देर रात करीब 1:30 से 2:00 बजे भोपाल में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के ठिकानों पर हुई रेड के बाद की गई है। अमृतसर से आई आयकर विभाग की विशेष टीम ने भोपाल सहित कंपनी के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान फर्मों के दफ्तरों में वित्तीय दस्तावेज खंगाले गए, जिसमें मुख्य रूप से शेयर लिस्टिंग, फंड ट्रांसफर और विदेशी लेनदेन की जांच पड़ताल पर जोर दिया गया।

दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट सहित देशभर में हजारों करोड़ रुपए के इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाईवे, रेलवे और सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। हाल ही में कंपनी को केरल और गुरुग्राम में भी बड़े निर्माण कार्यों के ठेके मिले हैं।

### निजी कंपनी का सुपरवाइजर बनकर कर रहा था ठगी

# इंदौर में 19 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

इंदौर ■ निसं



इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक निजी कंपनी का सुपरवाइजर बनकर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चार से अधिक लोगों से करीब 19 लाख रुपए हड़प लिए थे। इस मामले में पहले भी कार्रवाई की जा चुकी थी, जिसके बाद पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज की है।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आवेदक योगेंद्र सिंह पूनिया, रानू सोलंकी, दीपक यादव और प्रदीप जटाले ने लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि सुमन शर्मा नामक व्यक्ति खुद को विविड मैनेजमेंट हब इंडिया, शगुन टॉवर का सुपरवाइजर बताकर मिला था। उसने बताया कि उसकी कंपनी आरबीएल बैंक और इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि वसूली का काम करती है।

सुमन ने निवेशकों को यह कहकर लालच दिया कि वह कस्टमर के बिल रोटेशन के जरिए भरवाता है, जिससे करीब 1.20% का मुनाफा होता है। इसी झांसे में आकर महेश यादव ने अपने क्रेडिट कार्ड में निवेश किया और अपने परिचितों से भी निवेश करवाया। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए सुमन ने लगभग ?14.64 लाख की राशि मुनाफे सहित वापस की, लेकिन बाद में ?19.17 लाख की रकम नहीं लौटाई। जब पीड़ितों ने पैसे मांगे, तो उन्हें धमकाने लगा।

पीड़ितों ने इस संबंध में ईओडब्ल्यू में शिकायत की, जिसके बाद जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने सुमन शर्मा को गिरफ्तार किया है। फिलहाल उसके अन्य साथियों और संबंधित लोगों से पूछताछ जारी है।

### रेल प्रशासन द्वारा आगामी दिवाली एवं छठ के अवसर पर

# त्यौहारों पर पश्चिम मध्य रेल से संचालित हो रही हैं स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर ■ निसं

रेल प्रशासन द्वारा आगामी दिवाली एवं छठ त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें स्पेशल फेयर पर चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा एवं रीवा-हडपसर-रीवा के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है। इन संचालित स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

**जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन:** गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर 2025 तक प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

**ठहराव** :- कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला, अलीगढ जंक्शन एवं गाज़ियाबाद।

**जबलपुर-दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन:** गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05.11.2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06.11.2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

**ठहराव** :- सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।

**रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 01.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है।

गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 02.11.2025 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँच रही है।

**ठहराव** :- नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा।

**रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

01704 रीवा से डॉ.अम्बेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 25 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक शनिवार को रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन दोपहर 15:05 बजे डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन पर पहुँच रही है।

### उज्जैन में दो जगह भीषण आग, लाखों का नुकसान

## दोना-पत्तल फैक्ट्री में कागज से भड़की आग, 12 दमकल ने 6 घंटे में पाया काबू

उज्जैन ■ निसं

उज्जैन में बीती रात दो अलग-अलग जगहों पर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रात करीब 3:30 बजे शंकरपुर के करोंदिया क्षेत्र में दोना-पत्तल बनाने की फैक्ट्री सांवरिया इंटरप्राइजेज में आग भड़क उठी। फैक्ट्री में कच्चा माल (कागज) होने के कारण आग काबू में नहीं आ रही थी। तब 12 दमकल लगाई गईं, जिन्होंने करीब 6 घंटे में आग पर काबू पाया। दोनों घटनाओं में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

फैक्ट्री के संचालक सुनील व्यास ने बताया कि रात को आग की सूचना मिली थी। तुरंत दमकल को सूचित किया। एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने 6 घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया है। आग से करीब 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## अनमोल वचन

एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है।
**अब्दुल कलाम**

प्रत्येक अनुभव से शक्ति, साहस और आत्मविश्वास मिलता है, जिससे आपके चेहरे पर डर का आना बंद हो जाता है।
**एलेनोर रोसवैल्ट**

# दीपावाली पर्व के प्रारम्भ को दर्शाता है धनतेरस



**रमेश सर्राफ धमोरा**

*धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है।*

धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के प्रारम्भ को दर्शाता करता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने के लिए माना जाता है और इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है।

धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर एक दीया तुलसी महारानी के लिए एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं।

धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चौक में रंगोली बनाकर सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावड़ी, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए।

धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अत: दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है।

धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें।

इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया।

विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

? धन्वंतराये नमः धन्वंतरि मंत्र है। इस मंत्र का जाप रोगों से मुक्ति और अच्छे स्वास्थ्य के लिए किया जाता है। चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं। उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व मे घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली परपर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधिया ना करे।

**( लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। )**

## सम्पादकीय

### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संकट के काले बादल, वर्ष के अंत तक बड़ा झटका संभव

*विश्व अर्थव्यवस्था आज एक गंभीर संकट की तरफ बढ़ती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुद्रास्फीति, बढ़ता हुआ कर्ज और राजनीतिक तनाव आर्थिक गतिविधियों पर भारी असर डाल रहे हैं। अमेरिका, जिसे 1944 के बाद से सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था माना जाता रहा, अब कर्ज के बोझ तले दब गया है। अमेरिका का कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से 124 प्रतिशत अधिक हो गया है और देश अपने खर्चों को चलाने के लिए पुराने बॉन्ड बेचने पर निर्भर हो गया है। वहीं, अमेरिका में लॉकडाउन और लाखों लोगों की बेरोज़गारी ने डॉलर की वैश्विक पकड़ को भी कमजोर कर दिया है। कुछ वर्षों पहले तक वैश्विक कारोबार का लगभग 75 प्रतिशत डॉलर में होता था, जो अब घटकर करीब 56 प्रतिशत रह गया है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे है, यह आंकड़ा जल्द ही 50 प्रतिशत से नीचे जा सकता है, जिससे डॉलर मुद्रा को सबसे बड़ा संकट झेलना पड़ेगा। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच सोने और चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है। जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता दिखाई देती है, तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की तलाश में सोने की ओर रुख करते हैं। 2008 की अमेरिकी मंदी के बाद से दुनिया के फेडरल बैंकों ने बड़े पैमाने पर सोना खरीदा और अपने खजाने में रखा। उस समय अमेरिका के पास लगभग 20,000 टन सोना था, जो अब घटकर मात्र 8,200 टन रह गया है। वहीं, चीन और भारत जैसे देशों में सोने का भंडार पिछले 15 वर्षों में लगातार बढ़ा है। बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टोकरेंसी भी अर्थव्यवस्था में निवेश के नए विकल्प बनते जा रहे हैं। बिटकॉइन की कीमत पिछले एक साल में लगभग दोगुनी होकर 52 लाख रुपए से 1.1 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, लेकिन क्रिप्टो अभी भी सबसे जोखिम भरी मुद्रा मानी जाती है। एथेरियम, सोलाना, डोजकॉइन जैसी अन्य क्रिप्टोकरेंसी भी बाजार में सक्रिय हैं और वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाने का कारक बन सकती हैं। विश्वविख्यात लेखक और आर्थिक विशेषज्ञ रॉबर्ट कियोसाकी, जिन्होंने 'रिच डैड पुअर डैड' जैसी चर्चित किताबें लिखी हैं, का मानना है कि बैंकों में पैसा रखना सुरक्षित विकल्प नहीं है। उनका कहना है कि 2026 के अंत तक कर्ज और मुद्रास्फीति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट आना तय माना जा सकता है। ऐसे समय में निवेशकों को अपनी पूंजी का संरक्षण करना चाहिए। कियोसाकी के अनुसार, नगदी को छोड़कर निवेश सोने, चांदी, म्युचुअल फंड और शेयर बाजार जैसे विकल्पों में किया जाना चाहिए, जहां अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो। पिछले 30 वर्षों में वैश्विक कर्ज की गंगा लगातार तेजी के साथ बढ़ती रही है। विश्व के सभी देशों की सरकारें, राज्य सरकारें, स्थानीय संस्थाएँ और यहां तक कि 80-90 फीसदी परिवार भी कर्ज में डूब चुके हैं। आमदनी के मुकाबले खर्च लगातार बढ़ रहा है। जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता दिखाई देती है, तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की तलाश में सोने की ओर रुख करते हैं। 2008 की अमेरिकी मंदी के बाद से दुनिया के फेडरल बैंकों ने बड़े पैमाने पर सोना खरीदा और अपने खजाने में रखा। उस समय अमेरिका के पास लगभग 20,000 टन सोना था, जो अब घटकर मात्र 8,200 टन रह गया है। वहीं, चीन और भारत जैसे देशों में सोने का भंडार पिछले 15 वर्षों में लगातार बढ़ा है। बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टोकरेंसी भी अर्थव्यवस्था में निवेश के नए विकल्प बनते जा रहे हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों का कर्ज बेहिसाब बढ़ रहा है। अमेरिका ने ईराक से लेकर अभी तक सैकड़ों प्रतिबंध लगाकर डालर से कारोबार रोकन और डालर जप्त करने का जो खेल खेला है, उससे डालर की विश्वसनीयता अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाप्त होने से डॉलर का प्रभुत्व लगातार घट रहा है। इसके कारण ब्रिक्स देशों की मुद्रा, यूरो, चीन का युआन और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्रा विकल्पों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस परिदृश्य में सोना और चांदी न केवल सुरक्षित निवेश बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और वैश्विक कारोबार में स्वीकार्य विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं, भविष्य में सोना वैश्विक मुद्रा के रूप में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। वर्तमान आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए निवेशकों और आम नागरिकों के लिए यह जरूरी है। वह अपने धन को सुरक्षित क्षेत्रों में निवेश करें। विविध क्षेत्रों में सोच-समझकर निवेश करने से न केवल आर्थिक संकट के समय नुकसान कम होगा, बल्कि संपत्ति की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। वर्तमान आर्थिक संकेतों के आधार पर कहा जा सकता है। इस वर्ष के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। निवेशकों को समय रहते तैयार रहना चाहिए। भारत के उपर भी कर्ज 4 गुना बढ़ गया है। बैंकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में विविध निवेश में समझदारी है।*

## चिंतन-मनन

### भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

*जब भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे। तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं।अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है। भले ही कोई लाखों वर्षों तक चिंतन करता रहे, किंतु यदि भक्ति नहीं करता, यदि वह परम सत्य का प्रेमी नहीं है, तो उसे कभी भी कृष्ण या परम सत्य समझ में नहीं आएंगे।परम सत्य, कृष्ण, केवल भक्ति से प्रसन्न होते हैं और अपनी अचिंत्य शक्ति से वे शुद्ध भक्त के हृदय में स्वयं प्रकट हो सकते हैं।शुद्धभक्त के हृदय में तो कृष्ण निरंतर रहते हैं और कृष्ण की उपस्थिति सूर्य के समान है, जिसके द्वारा अज्ञान का अंधकार तुरंत दूर हो जाता है।*

# गरीबी है मानवता के भाल पर बड़ा कलंक



**ललित गर्ग**

*संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम 'परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना' है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।*

विश्व समुदाय हर वर्ष 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाता है। यह दिन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि मानवता के समक्ष खड़ी सबसे बड़ी चुनौती पर मंथन का अवसर है। सभ्यता के विकास, तकनीकी प्रगति, आर्थिक विस्तार और वैश्विक व्यापार के बावजूद आज भी करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। गरीबी एक आर्थिक स्थिति मात्र नहीं है, यह मनुष्य की गरिमा पर सबसे बड़ा आघात है-यह उसके सपनों, आत्मविश्वास और अस्तित्व को कुचलने वाला सामाजिक अभिशाप है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1992 में गरीबी को खत्म करने के प्रयासों और संवाद को बढ़ावा देने के लिए इस दिन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों के संघर्ष को स्वीकार करना और गरीबी के विभिन्न आयामों, जैसे कि आय की कमी, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुँच की कमी आदि को संबोधित करना है। 2025 की थीम 'परिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना' है। इस दिवस का उद्देश्य गरीबी और इसके कारणों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, तथा गरीबी से जूझ रहे लोगों की समस्याओं को उजागर करना है।

आज दुनिया में लगभग सत्तर करोड़ लोग अत्यंत गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक अत्यंत गरीबी का अंत किया जाए, परंतु यह लक्ष्य अभी भी दूर प्रतीत होता है। युद्ध, जलवायु परिवर्तन, असमान आर्थिक नीतियाँ, जनसंख्या वृद्धि और बेरोज़गारी ने गरीबी को नया रूप दिया है। अब गरीबी केवल रोटी की कमी नहीं, बल्कि अवसरों की असमानता और सामाजिक अन्याय का भी प्रतीक बन चुकी है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन कहते हैं-गरीबी केवल आय का प्रश्न नहीं है, यह स्वतंत्रता की कमी है। अर्थात जब किसी व्यक्ति के पास अपने जीवन को अपनी इच्छा के अनुसार ढालने के अवसर नहीं होते, तभी वास्तविक गरीबी जन्म लेती है। भारत ने पिछले कुछ दशकों में गरीबी घटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 में जहाँ देश की 29 प्रतिशत आबादी बहुआयामी गरीबी में थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई। परंतु यह सफलता पूर्ण नहीं कही जा सकती, क्योंकि गरीबी का असर ग्रामीण इलाकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर अभी भी अधिक है। गरीबी का सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ता है-जहाँ गरीब बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर होते हैं, वहीं परिवार बीमारी का खर्च नहीं उठा पाते। यह चक्र दर चक्र उन्हें फिर गरीबी में धकेल देता है।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी उन्मूलन के लिये उल्लेखनीय एवं सफलतम उपक्रम किये हैं, उन्होंने गरीबी को राष्ट्र निर्माण की केंद्र बिंदु नीति के रूप में प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में सरकार ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर आत्मनिर्भरता के आंदोलन में बदल दिया। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी ने गरीबों को औपचारिक बैंकिंग से जोड़ा, जिससे पारदर्शिता बढ़ी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार किया और अब तक चार करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है। उज्ज्वला योजना ने गरीब महिलाओं को धुएं से मुक्त जीवन दिया और यह योजना केवल गैस सिलेंडर नहीं, बल्कि समानता और सम्मान का प्रतीक बनी। आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ने महामारी के कठिन दौर में गरीबों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने गरीबी उन्मूलन का दीर्घकालिक रास्ता रोज़गार, कौशल और स्वाभिमान के माध्यम से खोला। प्रधानमंत्री का यह कथन इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-गरीबी को खत्म करने के लिए सरकार नहीं, समाज को भी संवेदनशील बनना होगा। जब हर गरीब का सपना हमारा सपना बनेगा, तभी समृद्ध भारत बनेगा। गरीबी केवल सरकारी योजनाओं से नहीं मिटेगी; इसके लिए एक व्यापक मानव-केंद्रित सोच की आवश्यकता है। शिक्षा को अधिकार नहीं, अवसर बनाना होगा, हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिए। समान आर्थिक अवसरों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि शहरी और ग्रामीण भारत के बीच की खाई घटे। पूंजी का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि सामाजिक कल्याण भी होना चाहिए। साथ ही, महात्मा गांधी के शब्दों में, गरीबी सबसे बड़ी हिंसा है"-यह भावना हमारे सामाजिक चरित्र में उतरनी चाहिए। जब तक समाज करुणा और साझेदारी की भावना नहीं अपनाएगा, तब तक गरीबी का अंत संभव नहीं। भारत आज गरीबी उन्मूलन का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत कर रहा है-जहाँ विकास का अर्थ केवल जीडीपी नहीं, बल्कि गरीब का उत्थान है।

## मोज शोक के लिए फटाके फोड़ो, लेकिन उसे धर्म और परंपरा से न जोड़ो

***प्रतीक संघवी***

*भारत में दीवाली का त्योहार रोशनी, रंगोली, और खुशियों का प्रतीक है। यह वह समय है जब हम अपने घरों को दीयों से सजाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, और अपनों के साथ उत्सव मनाते हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में, दीवाली का एक और पहलू चर्चा में रहा है फटाके। फटाकों का शोर, धुआँ, और पर्यावरण पर उनका प्रभाव अब एक गंभीर बहस का विषय बन चुका है। सवाल यह है कि क्या फटाके वाकई हमारी दीवाली की परंपरा का हिस्सा हैं और क्या इन्हें धर्म से जोड़ना उचित है भारत में फटाकों का इतिहास भारत में फटाकों का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है। इतिहासकारों के अनुसार, फटाकों की शुरुआत चीन में हुई थी, और भारत में ये मध्यकाल में, लगभग 15वीं-16वीं सदी में, मुगल शासकों के समय प्रचलन में आए। उस समय फटाकों का उपयोग युद्ध, समारोहों, और शाही उत्सवों में होता था। दीवाली जैसे धार्मिक पर्वों में फटाकों का व्यापक उपयोग 20वीं सदी में ही शुरू हुआ। यानी, फटाके हमारे हजारों साल पुराने सांस्कृतिक इतिहास का हिस्सा नहीं हैं। फिर भी, आज इन्हें दीवाली की परंपरा का अभिन्न अंग मान लिया गया है। दीवाली में परंपरा का इतिहास और विज्ञान। दीवाली का मूल आधार हैप्रकाश और ज्ञान का उत्सव। यह पर्व श्री राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है, जब नगरवासियों ने दीयों से उनका स्वागत किया था। दीये, रंगोली, और मिठाइयाँ दीवाली की आत्मा हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, मिट्टी के दीये जलाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। तेल और बाती का दहन न केवल प्रकाश देता है, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध करने में भी मदद करता है। वैसे ही घी में किए गए दिए बहुत मात्रामे ऑक्सीजन उत्पन्न करते हे। साथमे रंगोली बनाने की परंपरा रचनात्मकता और सौंदर्य को बढ़ावा देती है, जो मन और आत्मा को सुकून देती है।और आपकी कला प्रस्तुत करने का मौका देती हे। दूसरी ओर, फटाकों का वैज्ञानिक प्रभाव चिंताजनक है। फटाकों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण को बढ़ाता है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, और अन्य हानिकारक कण शामिल होते हैं। यह न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि पशु-पक्षियों और पर्यावरण को भी नुकसान पहुँचाता है। शोर प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गों, और पालतू जानवरों को गंभीर परेशानी होती है। फिरभी दुख तो तब होता हे जब हम अपने धर्म को दूसरे धर्म को जोड़के बोलते हे की दीवाली हे तो फ़टाके फोड़ेंगे वह धर्म को यह कहो वह कहो। इससे यह लगता हे की 400 साल पुराने फटाके हजारों साल पुराने इतिहास पर भारीहमारा सांस्कृतिक इतिहास हजारों साल पुराना है, जिसमें दीवाली का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व गहराई से जुड़ा है। लेकिन फटाके, जो केवल 400-500 साल पहले भारत आए, क्या वाकई इस प्राचीन परंपरा का हिस्सा हो सकते हैं फटाकों को दीवाली से जोड़ना एक आधुनिक चलन है, जिसे हमने मनोरंजन के लिए अपनाया। यह शोख और उत्साह का प्रतीक हो सकता है, लेकिन इसे धर्म या परंपरा का हिस्सा मानना गलत है। हमारे शास्त्रों में दीवाली का उल्लेख दीयों, पूजा, और भक्ति के साथ है, न कि शोर और धुएँ के साथ।फटाकों को धर्म से जोड़कर आप धर्म के विरुद्ध जा रहे हैं। हिंदू धर्म में प्रकृति को पूजनीय माना गया है। नदियाँ, पर्वत, वृक्ष-सबको देवता के रूप में देखा जाता है। दीवाली का असली संदेश है अंधेरे पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान की विजय। फटाकों का धुआँ और शोर न तो प्रकाश बढ़ाता है, न ही ज्ञान। यह केवल क्षणिक मोज देता है, जिसका मूल्य पर्यावरण और स्वास्थ्य के नुकसान के रूप में चुकाना पड़ता है। फटाकों को धर्म से जोड़कर हम अनजाने में अपने ही धर्म के मूल्यों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं।*

## खास बात

### भारत में गरीब को कभी गुस्सा क्यों नहीं आता

भारत का गरीब हर हाल में जीवन जीना जानता है। भले उसे घास की रोटी खानी पड़े। घास की रोटी तो महाराणा प्रताप ने भी खाई है। जब गरीब आदमी घास पर भी जीवित रह जाता है। भगवान गरीबों को हर हाल में जिंदा रखता है। गरीब के कारण ही भगवान का अस्तित्व है।अमीर तो भगवान को मानते नहीं है। भगवान के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए गरीब कभी गुस्से में नहीं आता है।वह कभी हिंसक नहीं होता है। गुलामी की तरह किसी भी स्थिति में संतोष के साथ जीवित रह लेता है। यही गरीबों की विशेषता है। लोकतंत्र में जब गरीब और अमीर सभी को एक समान अधिकार है। उसके बाद भी गरीबों का शांत रहना, कुछ आश्चर्य जनक है।

### लोकतंत्र को असली खतरा, गरीबों से नहीं, भय से।

कहा जाता है, भारत में कभी क्रांति नहीं हो सकती है।गरीब क्रांति नहीं कर सकते हैं। असल में क्रांति का संबंध गरीबी से नहीं भय से है।हजारों भेडों को रेण को कुछ गडरिये अपने इशारे पर नियंत्रित कर लेते हैं। भेड़ गडरिया की आवाज पर रेण के पीछे चलती-चली जाती हैं।भेणों को लगता है, गडरिया उनकी जान बचा रहा है। गडरिया उन्हें घास भी खिला रहा है। भेड़ का भाई और आम आदमी का भय एक सा होता है। भयभीत लोग कभी क्रांति नहीं कर सकते हैं। 5 किलो अनाज, फ्री का नमक गरीबों के जीवन का आधार है। भय से ग्रसित लोग कभी क्रांति नहीं कर सकते हैं। गरीब लड़ने-मरने के लिए कभी भी तैयार रहता है। बेसरते वह निर्भय हो। स्वतंत्र जीवन का अधिकार रखता हो।

### मुगलों और क्षत्रियों में बना रोटी बेटी का संबंध

भारत में मुगलों के और क्षत्रियों के बीच में रोटी-बेटी का संबंध था। दोनों एक दूसरे में समाहित हो गए थे। बादशाह अकबर और राजा मानसिंह ने भारत में इस्लाम और रोटी बेटी से संबंध बनाकर राज किया था।वर्ण व्यवस्था उस समय ढीली पड़ गई थी। उस समय ना तो हिंदू बढ़े, नाही इस्लाम धर्म भारत में बढा। पिछले एक दशक में सारी दुनिया में इस्लाम और ईसाई धर्म का विस्तार हुआ। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। हम वर्ण व्यवस्था और सनातन में फंसे रहे। अपने ही लोगों का शोषण करते रहे। हिंदुओं को ही जात से बाहर करते रहे। उनका हुक्का पानी बंद करने में लगे रहे। सारे जीवन भर चमार-मेहतर दलित और अछूत करते रहे।जब वह हिन्दू धर्म छोड़कर चले गए। तब हम हिंदू- मुसलमान, ईसाई और बौद्ध का डिंडोरा पीट रहे हैं। लेकिन यह क्यों हुआ, हम यह आज भी समझने के लिए तैयार नहीं है। जब राजा महाराजाओं ने अपना रोटी बेटी का संबंध बना लिया।तब यह सनातनी कहा थे।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं को जगह

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री भारत के दौरे में आए थे। पहली बार उन्होंने पत्रकार वार्ता की थी।उसमें महिलाओं का प्रवेश निषेध था। जबरदस्त विरोध हुआ, उसके बाद उन्होंने दूसरी पत्रकार वार्ता बुलाई और उसमें महिलाओं को आगे बिठाया। बहुत समय के बाद महिला पत्रकारों को लेकर पत्रकार जगत में जो आत्मसम्मान देखने को मिला था। विरोध करने में उसका परिणाम भी देखने को मिला। जब लड़ोगे, तभी कुछ मिलेगा। डरोगे, तो जो हो रहा है उससे भी ज्यादा खराब होगा। यह चर्चा पत्रकारों के बीच में होने लगी है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, एकादशी, शुक्रवार, मघा नक्षत्रे, शुभ योगे, वालव करणे, सिंह की चंद्रमा, श्री रंभा व्रत, सर्वे गोवत्स द्वादशी, तुलायाम रवि पूजनश्च 54/38 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान किन्तु जिद्दी-हठी, योगी-भोगी, नेता-अभिनेता, पुलिस, सिपाही, सैनिक, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर, कर्मयोगी, कर्मशील, लड़ाकू प्रवृत्ति का होगा।

**मेष राशि**- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, संतोष व सफलता के साधन बनेंगे, समय का ध्यान अवश्य रखें।

**वृष राशि**- समय आराम से बीतेगा, व्यवसायिक क्षमता व कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, परिश्रम से कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन राशि**- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, इष्ट मित्रों से परेशानी अशांति का कारण बनेगी, धैर्य रखें।

**कर्क राशि**- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, कुटुम्ब की समस्याओं में समय बीतेगा, धैर्य रखकर कार्य अवश्य बना लें।

**सिंह राशि**- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, बड़े लोगों से मेल-मिलाप हर्षप्रद होगा, समय व सुविधा के अनुसार कार्य बना लें।

**कन्या राशि**- मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि होगी, कार्यक्षमता बढ़ेगी, समाज में प्रतिष्ठा के योग बनेंगे, लाभ होगा।

**तुला राशि**- मान-प्रतिष्ठा व प्रभुत्व में वृद्धि होगी, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, समय पर कार्य पूर्ण करने से लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि**- अधिकारियों से सम्पर्क फलप्रद होगा, समाज में मान-प्रतिष्ठा अवश्य बढ़ेगी, आलस्य से हानि होगी।

**धनु राशि**- अचानक कोई शुभ समाचार मिलेगा, कार्यगति में सुधार होगा, चिन्तायें कम होंगी, समय स्थिति का लाभ लें।

**मकर राशि**- स्थिति यथावत् रहेगी, सोचे कार्य समय पर पूर्ण होंगे, परिश्रम से कार्य बनेंगे, विशेष कार्यों पर ध्यान दें।

**कुंभ राशि**- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, शरीर कष्ट से चिन्ता होगी, उत्तम जस की स्थिति बनेगी, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन राशि**- इष्ट मित्र सहायक होगा, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता बनेगी, परिश्रम से कार्यगति में निरंतरता आयेगी ध्यान दें।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**17 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 08.18 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.34 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.25 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 15.58 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.28 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.09 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.07 बजे से |
| | | कर्क | 23.20 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 01.36 बजे से |
| 10.30 से 12.00 बजे तक | | कन्या | 03.48 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 290 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 11.13 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 13.58 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 01.49 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बालव 11.13 बजे तदनन्तर कौलव 23.43 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 16' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872500 **जूलियन दिन** 2460965.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 24 **विशेष** रमा एकादशी, गोवत्स द्वादशी, तुला संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# इंजीनियरिंग की इन पांच ब्रांचों में हैं अच्छे अवसर



पिछले कुछ सालों में कारोबार जगत की मांग में बदलाव आया है। ऐसे में अगर आप इंजीनियरिंग करना चाहते हैं तो उस ब्रांच के बारे में पता कर ले कि उसमें कितनी नौकरियां हैं। सैलरी कितनी मिलेगी और अगले 5-10 सालों तक उसका स्कोप क्या रहेगा।

इस साल या अगले साल कौन सा इंजीनियरिंग कोर्स डिमांड में रहेगा, इसके लिए आप किसी काउंसलर से भी सलाह ले सकते हैं! बीटेक कॉलेज में एडमिशन लेते समय अपनी रुचि का भी ध्यान रखें। टॉप 5 बीटेक कोर्स, जिनकी कई सालों तक मांग रहेगी और उनमें वेतन भी अच्छा मिलेगा।

### 1 कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग

आईटी के इस दौर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोर्स सबसे लोकप्रिय और मांग वाला कोर्स है। इसके सिलेबस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे टॉपिक्स शामिल हैं। भारत में टेक इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसीलिए सीएसई ग्रेजुएट्स की डिमांड भी बढ़ रही है।

**करियर विकल्प:** सॉफ्टवेयर डेवलपर, डेटा साइंटिस्ट, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ, एआईएलएल इंजीनियर.

औसत वेतन: फ्रेशर्स के लिए 4-10 लाख रुपये प्रति वर्ष, अनुभव के साथ 20 लाख रुपये तक.

### 2 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ईसीई

इंटरनेट ऑफ थिंग्स और वायरलेस टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग के कारण यह कोर्स भविष्य के लिए अच्छा है। यह इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, कम्युनिकेशन नेटवर्क और एम्बेडेड सिस्टम पर फोकस्ड है.

करियर विकल्प: टेलीकॉम इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर, एम्बेडेड सिस्टम डिजाइनर।

**औसत वेतन: फ्रेशर्स के लिए 3-8 लाख रुपये प्रति वर्ष.**

### 3 मैकेनिकल इंजीनियरिंग एमई

यह बीटेक की एवरग्रीन ब्रांच है, जो ऑटोमोटिव, एयरोस्पेस, मैन्युफैक्चरिंग और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है। ऑटोमेशन और 3D प्रिंटिंग जैसी नई टेक्नीक्स ने इसकी डिमांड बढ़ा दी है।

**करियर विकल्प:** मैकेनिकल डिजाइन इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर, ऑटोमोटिव इंजीनियर.

**औसत वेतन:** फ्रेशर्स के लिए 3-6 लाख रुपये प्रति वर्ष, अनुभव के साथ 10 लाख रुपये तक.

### 4- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिक वाहन (इवी) और ऑटोमेशन में प्रोग्रेस के चलते इस बीटेक कोर्स की डिमांड बढ़ रही है। यह बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम पर केंद्रित है।

**करियर विकल्प:** पावर सिस्टम इंजीनियर, ऑटोमेशन इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल डिजाइन इंजीनियर।

**औसत वेतन:** फ्रेशर्स के लिए 4-7 लाख रुपये प्रति वर्ष.

5 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग (एआईएलएल )

एआई और एमएल उभरते हुए क्षेत्र हैं, जो हेल्थकेयर, फाइनेंस और ऑटोमोटिव जैसी इंडस्ट्रीज में क्रांति ला रहे हैं. यह एक स्पेशलाइज्ड कोर्स है। कई संस्थानों में यह सीएसई के तहत या अलग से उपलब्ध है.

**करियर विकल्प:** एआई इंजीनियर, एमएल इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट.

**औसत वेतन:** फ्रेशर्स के लिए 5-12 लाख रुपये प्रति वर्ष, उच्च मांग के कारण अधिक भी हो सकता है।

# एथिकल हैकर की मांग बढ़ी



**आजकल जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उसको देखते हुए एथिकल हैकर की मांग तेजी से बढ़ रही है। एथिकल हैकर का काम अपने कौशल का इस्तेमाल कर कंपनियों और लोगों को साइबर हमले से बचाना हैं। एथिकल हैकर कंप्यूटर सिस्टम की कमजोरियों का पता लगाकर साइबर हमले रोकते हैं।**

आजकल जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ रहा है, उससे एथिकल हैकर्स की भी मांग भी तेजी से बढ़ी है। सरकारी क्षेत्र से लेकर निजी क्षेत्र सभी में इनके लिए अवसर काफी ज्यादा है। हालात ये है कि जरुरत जितनी है उससे इसके पेशेवरों की तादाद काफी कम है। ऐसे में यह एक फायदेमंद, रोमांचक और महत्वपूर्ण कॅरियर बन गया है। ऐसे में अगर आप भी कंप्यूटर और हैकिंग में रुचि रखते हैं, तो आप एथिकल हैकिंग की बारीकियां सीखकर इस क्षेत्र में उतर सकते हैं।

एथिकल हैकर बनने के लिए उम्मीदवार को कंप्यूटर सिस्टम से जुड़ी सभी अहम जानकारियां होनी चाहिए। इसमें स्क्रिप्टिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम नेटवर्किंग का अच्छा ज्ञान, प्रोग्रामिंग पर अच्छी पकड़, सर्वर और सर्च इंजन, डाटाबेस की अच्छी समझ, नई तकनीकों से उसे लगातर अपडेट रहना होगा। इसके साथ ही विंडोज, लिनक्स और पायथन जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम की भी पूरी जानकारी होनी चाहिये।

# विदेशी भाषा सीखकर तेजी से आगे बढ़ें




आज के वैश्विक युग में विदेशी भाषाओं का ज्ञान युवाओं के लिए नए अवसर खोल रहा है। विदेशी भाषाओं में दक्षता रखने वाले पेशेवर न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अत्यधिक मांग में हैं। व्यापार, पर्यटन, शिक्षा, अनुवाद, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों और सरकारी क्षेत्रों में इन भाषाओं का ज्ञान रोजगार के अवसरों को व्यापक बनाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी भाषाओं में दक्षता युवाओं को ग्लोबल करियर के लिए तैयार करती है और उनकी आय की संभावनाओं को भी बढ़ाती है।

रशियन भाषा सीखने से छात्र और पेशेवर रूस और पूर्वी यूरोप के देशों में व्यापार, तकनीकी सहयोग और सांस्कृतिक परियोजनाओं में अवसर पा सकते हैं। तेल, गैस, इंजीनियरिंग, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्रों में रूस के साथ सहयोग बढ़ रहा है, जिससे रूसी भाषा जानने वाले विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ी है। वहीं, चाइनीज या मंदारिन सीखने से चीन के साथ व्यापार, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्र में कई अवसर मिलते हैं। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यहां से व्यापारिक सौदे, तकनीकी सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भाषा विशेषज्ञों की जरूरत होती है।

स्पेनिश भाषा की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। स्पेनिश बोलने वाले पेशेवर लैटिन अमेरिका, स्पेन और अमेरिका के कई क्षेत्रों में नौकरी पा सकते हैं। पर्यटन, शिक्षा, अनुवाद, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और डिजिटल मार्केटिंग में स्पेनिश का ज्ञान युवाओं के लिए नया करियर विकल्प बन गया है। जापानी भाषा सीखने से जापान की तकनीकी कंपनियों, शिक्षा संस्थानों और सांस्कृतिक प्रोजेक्ट्स में रोजगार के अवसर मिलते हैं। जापान में आईटी, ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र मां उच्च दक्षता वाले भाषा विशेषज्ञों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है।

विदेशी भाषाओं में करियर बनाने के लिए उम्मीदवार को केवल भाषा सीखने की ही जरूरत नहीं है, बल्कि उसे व्यावहारिक अनुप्रयोग, अनुवाद और संवाद कौशल में भी दक्ष होना चाहिए। भारत में कई संस्थान और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विदेशी भाषा सीखने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इसके अलावा कई विश्वविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध हैं, जो पेशेवर करियर में मददगार साबित होते हैं।

भाषा विशेषज्ञों के लिए करियर विकल्प भी कई हैं। इनमें अनुवादक, टूर गाइड, कॉन्टेंट लेखक, इंटरप्रेटर, भाषा प्रशिक्षक, विदेशी कंपनियों में विशेषज्ञ और अंतरराष्ट्रीय व्यापार सलाहकार शामिल हैं। विदेशी भाषा जानने वाले पेशेवर न केवल बेहतर वेतन कमा सकते हैं बल्कि उन्हें वैश्विक नेटवर्क बनाने और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम करने का अवसर भी मिलता है।

# ट्यूशन और कोचिंग इंडस्ट्री में भी हैं अवसर



शिक्षा क्षेत्र आज भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहा बाजार है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों में ट्यूशन और कोचिंग की मांग इतनी बढ़ गई है कि यह युवाओं के लिए करियर बनाने का सुनहरा मौका बन गया है। पहले जहां ट्यूशन केवल अतिरिक्त आय का जरिया माना जाता था, वहीं अब यह एक स्थायी और प्रतिष्ठित पेशा बन चुका है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार और प्रतियोगी परीक्षाओं की बढ़ती संख्या ने इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को कई गुना बढ़ा दिया है।

कोचिंग और ट्यूशन इंडस्ट्री की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें किसी भारी निवेश की जरूरत नहीं होती। यदि किसी के पास विषय का अच्छा ज्ञान, पढ़ाने की कला और छात्रों को समझने की क्षमता है, तो वह आसानी से इस क्षेत्र में करियर शुरू कर सकता है। आज स्कूल स्तर से लेकर इंजीनियरिंग, मेडिकल, बैंकिंग, सिविल सर्विस और सरकारी नौकरी की तैयारी तक, हर स्तर पर कोचिंग की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, अंग्रेजी बोलने, व्यक्तित्व विकास, कंप्यूटर शिक्षा, ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसे कोर्सों में भी प्रशिक्षक और ट्यूटर की जरूरत बढ़ रही है।

डिजिटल शिक्षा ने इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। अब शिक्षक न केवल अपने शहर में बल्कि देश और विदेश में भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए छात्रों को पढ़ा सकते हैं। ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफॉर्म हजारों शिक्षकों को रोजगार दे रहे हैं। वहीं, स्वतंत्र रूप से काम करने वाले ट्यूटर्स भी पोर्टल्स पर अपनी प्रोफाइल बनाकर पढ़ाने का अवसर पा रहे हैं। इससे घर बैठे अच्छा खासा सम्मान और आय दोनों अर्जित की जा सकती है।

ट्यूशन और कोचिंग क्षेत्र में करियर के लिए किसी विशेष डिग्री की अनिवार्यता नहीं है, लेकिन विषय में गहराई और विद्यार्थियों के साथ संवाद कौशल बहुत जरूरी है। अच्छे शिक्षकों की कमाई आज लाखों रुपये सालाना तक पहुंच चुकी है। छोटे शहरों में भी एक सफल कोचिंग सेंटर चलाने वाले शिक्षकों को स्थिर आय और सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों मिलती है। सरकार भी स्किल इंडिया और डिजिटल एजुकेशन मिशन के तहत युवाओं को प्रशिक्षक के रूप में तैयार कर रही है ताकि वे रोजगार सृजन में योगदान दे सकें। शिक्षा में प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग के चलते भविष्य में ऑनलाइन और हाइब्रिड कोचिंग मॉडल और मजबूत होंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में शिक्षा उद्योग का बाजार 2030 तक 300 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, जिसमें ट्यूशन और कोचिंग की भूमिका सबसे अहम होगी। ऐसे में यह क्षेत्र न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि देश की ज्ञान अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दे रहा है।

# ड्रोन पायलट के लिए हैं काफी संभावनाएं



**ड्रोन अब सिर्फ फोटोग्राफी या मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि सुरक्षा, कृषि, आपदा प्रबंधन और डिलीवरी सेवाओं जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। ड्रोन को सुरक्षित और सटीक तरीके से उड़ाने वाले व्यक्ति को ड्रोन पायलट कहा जाता है। भारत में ड्रोन पायलट बनने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से मान्यता प्राप्त रिमोट पायलट लाइसेंस जरूरी होता है। यह लाइसेंस सुनिश्चित करता है कि ड्रोन ऑपरेटर तकनीकी रूप से प्रशिक्षित है और ड्रोन उड़ान के सभी सुरक्षा मानकों का पालन करता है।**

ड्रोन ायलट बनने के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए और उसे 10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा पास करनी होती है। इसके बाद डीजीसीए द्वारा अधिकृत किसी ड्रोन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षण लेना पड़ता है। यह प्रशिक्षण आमतौर पर 5 से 7 दिनों का होता है, जिसमें ड्रोन के सिद्धांत, उड़ान के नियम, मौसम की स्थिति का अध्ययन, नेविगेशन और आपातकालीन स्थिति से निपटने के तरीके सिखाए जाते हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उम्मीदवार को थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा पास करनी होती है, जिसके बाद डीजीसीए की वेबसाइट पर से रिमोट पायलट लाइसेंस जारी किया जाता है।

ड्रोन के विभिन्न वर्ग होते हैं नैनो, माइक्रो, स्मॉल, मीडियम और लार्ज। जिन ड्रोन का वजन 250 ग्राम से कम होता है, उन्हें उड़ाने के लिए किसी लाइसेंस की जरूरत नहीं होती, लेकिन जिनका वजन इससे अधिक है, उनके लिए डीजीसीए की अनुमति जरूरी होती है। ड्रोन पायलटों की मांग सरकारी संस्थानों, रक्षा सेवाओं, कृषि कंपनियों, सर्वे एजेंसियों और फिल्म प्रोडक्शन हाउसेज में तेजी से बढ़ रही है।

ड्रोन तकनीक से नई नौकरियों का रास्ता खुला है और सरकार भी इस क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबर आजम से मिलने ड्रेसिंग रुम पहुंचा प्रशंसक गिरफ्तार

**लाहौर।** यहां के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहला टेस्ट मैच जीता है पर इस दौरान एक प्रशंसक के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के ड्रेसिंग रूम तक पहुंचने से सुरक्षा में लापरवाही का मामला भी सामने आया है। इससे पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सुरक्षा इंतजामों की पोल भी खुल गयी है। इस प्रकार एक व्यक्ति के ड्रेसिंग रुम तक पहुंचने से अफरातफरी मच गयी।.
एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक युवा प्रशंसक जब ड्रेसिंग रूम पहुंचा तब उस समय बाबर ड्रेसिंग रूम नही थे। कोचिंग स्टाफ ने इस प्रशंसक को लेकर तुरंत सुरक्षा टीम को जानकारी दी। उसके बाद कुछ ही समय में इस व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पीसीबी ने हालांकि इस घटना पर अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। जिससे भी हैरानी जतायी जा रही है।

### एक दशक में आईपीएल की ब्रांड वैल्यू घटी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) पिछले एक दशक में विश्व की सबसे धनी लीग बनकर उभरी है पर अब लगता है इसके चमक कम होती जा रही है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि आईपीएल की ब्रांड वैल्यू पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी कम होकर 82,700 करोड़ से 76,100 करोड़ ही रह गई है। माना जा रहा है कि प्रसारण क्षेत्र में हुए विलय और रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध से ब्रांड वैल्यू घटी है। यह लगातार दूसरा साल है, जब इस टी-20 लीग के मूल्य में कमी आई है और ये 2023 में 92,500 करोड़ से कम है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल पारिस्थितिकी तंत्र के मूल्य में गिरावट दो प्रमुख कारणों से आई है।

### नेपाल-ओमान ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**मस्कट।** नेपाल और ओमान ने टी20 विश्व कप 2026 में प्रवेश किया है। यूएई की समोआ पर जीत के साथ ही नेपाल और ओमान की जगह विश्व कप में पक्की हो गयी। ग्रुप चरण में अजेय रहे नेपाल को सुपर सिक्स में दो अंक मिले। वहीं यूएई और कतर के खिलाफ भी उसे जीत मिली थी। मुकाबले जीते। वहीं ओमान ने सुपर सिक्स चरण में जीत के साथ ही दो अंक हासिल किए। उन्होंने कतर के खिलाफ 172 रनों का आराम से बचाव किया और फिर यूएई के खिलाफ एक कड़ा मुकाबला जीता। वहीं समोआ पर जीत के बाद यूएई अंतिम क्वालीफाइंग स्थान की दौड़ में बना हुआ है।

### एशिया कप में 314 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे, टी-20 में नंबर-1 बैटर

# अभिषेक शर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने




**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत के लेफ्ट हैंड बैटर अभिषेक शर्मा को आईसीसी ने सितंबर का आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। पिछले महीने टी-20 एशिया कप में उन्होंने ओपनिंग करते हुए भारत को 7 में से 6 मुकाबलों में तेज और मजबूत शुरुआत दिलाई थीं। 314 रन बनाने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला था। विमेंस क्रिकेट में भारत ही की लेफ्ट हैंड बैटर स्मृति मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं। उन्होंने पाकिस्तान की सिद्रा अमीन और साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज को हराया।

कुलदीप और ब्रायन बेनेट को पीछे छोड़ा अभिषेक शर्मा ने आईसीसी के मंथली अवॉर्ड की रेस में भारत के ही चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे के ओपनिंग बैटर ब्रायन बेनेट को पीछे छोड़ा। कुलदीप ने भी एशिया कप में ही 17 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं बेनेट ने टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर में शतक लगाया था।

अभिषेक बोले- अवॉर्ड पाकर खुश हूं अवॉर्ड जीतने के बाद अभिषेक ने आईसीसी से कहा, अवॉर्ड जीतकर अच्छा लग रहा है। खुश हूं कि अहम मुकाबलों में परफॉर्मेंस के बाद यह अवॉर्ड मिला। मैं उस टीम का हिस्सा बनकर खुश हूं, जो किसी भी सिचुएशन में जीतने का दम रखती है। टी-20 में बेहतरीन रिकॉर्ड टीम के पॉजिटिव माइंडसेट को दर्शाता है। मैं टीम मैनेजमेंट को धन्यवाद देता हूं।

एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी लगाई एशिया कप 2025 में चैंपियन टीम इंडिया ने 7 मैच खेले। 6 मुकाबलों में अभिषेक शर्मा ने 30 से ज्यादा रन बनाए। 3 बार उन्होंने फिफ्टी भी लगाईं। इनमें पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-4 स्टेज के मैच में 74 और बांग्लादेश के खिलाफ 75 रन की पारी भी शामिल रहीं। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के साथ उन्होंने सबसे ज्यादा बाउंड्री भी लगाईं। उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा।

अभिषेक टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक टी-20 बैटर्स की आईसीसी रैंकिंग में नंबर-1 पर भी हैं। वे टी-20 रैंकिंग इतिहास में सबसे ज्यादा 931 पॉइंट्स हासिल करने वाले बल्लेबाज भी बने थे। एशिया कप में प्रदर्शन के दम पर ही वे इस रेटिंग तक पहुंच सके थे। उनसे पहले इंग्लैंड के डेविड मलान के नाम यह रिकॉर्ड था, जिन्होंने 2020 में 919 पॉइंट्स हासिल किए थे। भारत से अभिषेक के अलावा सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ही 900 प्लस रेटिंग पॉइंट्स तक पहुंच सके हैं।

टी-20 में 2 शतक टी-20 इंटरनेशनल में अभिषेक के नाम 196.07 के स्ट्राइक रेट से 849 रन हैं। वे 24 ही मुकाबलों में 5 फिफ्टी और 2 शतक लगा चुके हैं। उन्होंने 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। वे आईपीएल में 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के साथ ओपनिंग करते हैं। ऑस्ट्रेलिया में टी-20 खेलेंगे अभिषेक अभिषेक शर्मा फिलहाल अपनी घरेलू क्रिकेट टीम पंजाब के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की टी-20 टीम में भी चुना गया है।

## जूनियर टेनिस टूर्नामेंट नैतिक, ऋगवेद, आन्या और ऐशवी फ़ाइनल में




**इंदौर, निप्र।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित वी.एस.एन. ऑल इंडिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक दौर में पहुँच गया है। रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद बालक वर्ग में नैतिक जैन और ऋगवेद मालसे, जबकि बालिका वर्ग में आन्या राठी और ऐशवी जैन ने एकल फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन चार शीर्ष खिलाड़ियों के अलावा, युगल वर्ग के फ़ाइनलिस्ट भी तय हो चुके हैं। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला कल दोपहर 03.30 बजे से खेला जाएगा। बालक वर्ग के एकल मुकाबले में नैतिक जैन ने कड़े मुकाबले में अयांश सोनी को 6-2, 2-6, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहाँ उनका मुकाबला ऋगवेद मालसे से होगा, जिन्होंने ओजस मिश्रा को सीधे सेटों में 7-6(3), 6-2 से पराजित किया। इसी प्रकार, बालिका वर्ग में आन्या राठी ने दीविना धूपर को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया, जबकि ऐशवी जैन ने गौरी शर्मा को 6-4, 3-6, 6-4 के संघर्षपूर्ण मुकाबले में मात दी। युगल वर्ग के फाइनल भी निर्धारित हो गए हैं। बालक युगल में नैतिक जैन-ऋगवेद मालसे की जोड़ी ने मेधांश केलात्रा-शिवांश पाटीदार को 6-2, 6-0 से हराया, वहीं रूधव पाटीदार-आरव शिंदे ने ओजस मिश्रा-मितान्त झामनानी को 6-2, 6-3 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका युगल में दीविना धूपर-ऐशवी जैन ने सान्वी पाहवा-आशना शर्मा को 6-4, 6-1 से और आन्या राठी-अगन्या भदौरिया ने एदीवा धाकड़-अनवी सोनी को 6-2, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### क्वालिफायर में जापान को 8 विकेट से हराया

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की 20वीं टीम बनी यूएई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की 20वीं टीम यूएई बन गई है। टीम ने गुरुवार को ईस्ट एशिया पैसिफिक क्वालिफायर में जापान को 8 विकेट से हरा दिया। ओमान के अल अमीरात स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी जापान की टीम 9 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी। श्व ने 12.1 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।




विकेटकीपर वतारु मियाऊची ने 45 रन बनाए अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड पर यूएई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। जापान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 58 रन पर 8 विकेट गंवा दिए। कप्तान केंडेल काडोवाकी-फ्लेमिंग 4, अभिषेक आनंद 10, बेंजामिन इतो-डाविस 4, चार्ल्स हिंजे 2, डेकलान सुजुकी-मैकॉम्ब 6, इब्राहिम ताकाहाशी 2 और शोमा स्लैटर 2 ही रन बनाकर आउट हो गए। ईसाम रहमान ने पारी संभालकर टीम को 50 के पार पहुंचाया, लेकिन वे भी 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विकेटकीपर वतारु मियाऊची ने फिर आखिरी बैटर अब्दुल समद के साथ पार्टनरशिप की और टीम को किसी तरह 116 रन तक पहुंचा दिया। मियाऊची 45 रन बनाकर नॉटआउट रहे। हैदर अली को 3 विकेट यूएई के लिए हैदर अली ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए। मोहम्मद इरफान को 2 विकेट मिले। जुनैद सिद्दीकी, ध्रुव पाराशर और जाहिद अली ने 1-1 विकेट लिया। मोहम्मद फारूक कोई विकेट नहीं ले सके। यूएई की मजबूत शुरुआत 117 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत मजबूत रही। आलिशान शराफू और कप्तान मोहम्मद वसीम ने 70 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। वसीम 26 गेंद पर 42 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद आलिशान ने टीम को 100 रन के करीब पहुंचाया। वे 46 रन बनाकर आउट हुए।

मयंक कुमार और विकेटकीपर राहुल चोपड़ा ने तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़े और टीम को 13वें ओवर में 8 विकेट से जीत दिला दी।

### 26 नवंबर को होगा फैसला

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम प्रस्तावित

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वह 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में अनुशंसा करेगा।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्तावित शहर के रूप में सिफारिश की है। अब इस पर अंतिम फैसला 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स जनरल असेंबली में लिया जाएगा।



अहमदाबाद को मिला समर्थन: भारत को इस बार मेजबानी के लिए नाइजीरिया से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स ने नाइजीरिया की भविष्य की मेजबानी की संभावनाओं को बढ़ाने और उन्हें समर्थन देने की रणनीति बनाने का निर्णय लिया है, जिसमें 2034 के खेलों की संभावित मेजबानी भी शामिल है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, कार्यकारी बोर्ड ने आज पुष्टि की है कि वह 2030 शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद, भारत को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में अनुशंसा करेगा। गुजरात का अहमदाबाद अब कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की पूरी सदस्यता के समक्ष पेश किया जाएगा और अंतिम निर्णय 26 नवंबर को लिया जाएगा। गौरतलब है कि भारत ने इससे पहले 2010 में नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हुआ था।

## व्यापार समाचार

### बोले आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा

# भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के जरिए

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत में करीब 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई के जरिए होता है। देश समावेशी, सुरक्षित और स्केलेबल डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म (डीपीपी) के मामले में एक उदाहरण बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को वाशिंगटन में यह बात कही। उन्होंने आगे क्या कहा, आइए जानें।

भारत में करीब 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई के जरिए होता है। देश समावेशी, सुरक्षित और स्केलेबल डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म (डीपीपी) के मामले में एक उदाहरण बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को यह बात कही।

मल्होत्रा ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक के अवसर पर आरबीआई की ओर से आयोजित डिजिटल सार्वजनिक प्लेटफार्मों के माध्यम से आर्थिक लचीलापन लाने से जुड़े से कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, डीपीपी समावेशी विकास और नवाचार के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन गए हैं।

आरबीआई गवर्नर ने डिजिटल पहचान (आधार) और वास्तविक समय भुगतान (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस - यूपीआई) के



लिए आधारभूत प्लेटफार्मों ने सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है कि बड़े पैमाने पर लचीली, लागत-कुशल सार्वजनिक सेवा वितरण प्रणाली कैसे बनाई जाए।

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने भारत के डीपीपी पारिस्थितिकी तंत्र और डिजिटलीकरण व वित्तीय समावेशन, विशेषकर सरकारी हस्तांतरण भुगतान में उनकी भूमिका के बारे में भी बताया।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना के साथ, भारत डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए ऐसे प्लेटफार्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, हमारे लिए मार्गदर्शक सिद्धांत यह रहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसे प्लेटफॉर्मों का निर्माण सार्वजनिक हित के रूप में किया जाए, जिनमें उपयुक्त सुरक्षा कवच हो और लाभ की कोई मंशा न हो।

उन्होंने आगे कहा कि भारत समावेशी, सुरक्षित और मापनीय डीपीपी के मामले में एक उदाहरण है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की संस्थाएं इन प्लेटफार्मों का लाभ उठाकर ऋण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों में अनुप्रयोगों को तेजी से विकसित कर सकती हैं। भुगतान प्रणालियों के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि यूपीआई एक महत्वपूर्ण डिजिटल सार्वजनिक प्लेटफॉर्म है। यूपीआई ने भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है, क्योंकि यह बैंकों के एक खाते से दूसरे खाते में वास्तविक समय में कुशलतापूर्वक भुगतान हस्तांतरण को सक्षम बनाता है। गवर्नर ने कहा, आज भारत में लगभग 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जाते हैं। हर महीने यूपीआई का उपयोग करके लगभग 20 बिलियन लेनदेन किए जाते हैं, जो 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के बराबर मूल्य के होते हैं। मल्होत्रा ने आगे कहा कि यूपीआई एक शक्तिशाली साधन है, जो वित्तीय समावेशन को गति दे रहा है।

### अब नेस्ले में भी छंटनी की खबर

# कंपनी ने लागत घटाने के लिए 16000 नौकरियों में कटौती का बनाया प्लान




**नई दिल्ली, निप्र।** नेस्ले नेस्कैफे ड्रिंक्स, पालतू जानवरों के भोजन पुरीना और अन्य उत्पाद बनाती है। कंपनी में अब 16 हजार नौकरियों की छंटनी की तैयारी चल रही है। क्या है पूरा मामला आइए जानते हैं विस्तार से।

खाद्य जगत की दिग्गज स्विस कंपनी नेस्ले ने भी अपने वित्तीय प्रदर्शन को सुधारने के लिए छंटनी का सहारा लेने का फैसला किया है। खबर है कि कंपनी वैश्विक स्तर पर 16,000 नौकरियों में कटौती करेगी। नेस्ले नेस्कैफे ड्रिंक्स, पालतू जानवरों के भोजन पुरीना और अन्य उत्पाद बनाती है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि अगले दो वर्षों में वह नौकरियों में कटौती कंपनी। स्विस कंपनी ने बताया कि वह अगले वर्ष के अंत तक लागत में कटौती का लक्ष्य बढ़ाकर 3 अरब स्विस फ्रैंक (3.76 अरब डॉलर) कर रही है। पहले यह लक्ष्य 2.5 अरब स्विस फ्रैंक (3.13 अरब अमेरिकी डॉलर) थी।

वेवे, स्विट्जरलैंड स्थित कंपनी के लिए यह साल उथल-पुथल भरा रहा है। पिछले महीने, नेस्ले ने अपने एक प्रत्यक्ष अधीनस्थ के साथ अघोषित संबंधों की जांच के बाद सीईओ लॉरेंट फ्रेइक्स को बर्खास्त कर दिया था।

फ्रेइक्से को इस पद पर आए हुए सिर्फ एक साल हुआ था। उनकी जगह नेस्ले के लंबे समय से कार्यकारी रहे फिलिप नवरातिल को नियुक्त किया गया था। फ्रेइक्से को पद से हटाए जाने के कुछ समय बाद ही अध्यक्ष पॉल बुल्के ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। नेस्ले भी अन्य खाद्य निर्माताओं की तरह बाहरी चुनौतियों से जूझ रही है। इनमें बढ़ती कमोडिटी लागत और टैरिफ का नकारात्मक प्रभाव शामिल है। कंपनी ने जुलाई में कहा था कि उसने कॉफी और कोको से जुड़ी बढ़ी हुई लागत की भरपाई कीमतों में बढ़ोतरी से की है।

नेस्ले ने गुरुवार को कहा कि वह कई जगहों पर 12,000 व्हाइट-कॉलर पदों को समाप्त करेगी। इन नौकरियों में कटौती से अगले साल के अंत तक 1 अरब स्विस फ्रैंक (1.25 अरब अमेरिकी डॉलर) की सालाना बचत होने की उम्मीद है। कंपनी अपने विनिर्माण और आपूर्ति शृंखला में चल रही उत्पादकता पहलों के तहत 4,000 नौकरियों में कटौती करेगी। नवरातिल ने एक बयान में कहा, दुनिया बदल रही है और नेस्ले को और तेजी से बदलने की जरूरत है। नेस्ले के शेयरों में सिक्स स्विस एक्सचेंज पर लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### जनवरी से अगस्त के बीच चाय का निर्यात 2.2 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता।** देश से चाय का निर्यात जनवरी से अगस्त के बीच 2.2 प्रतिशत बढ़कर 17.44 करोड़ किलोग्राम हो गया। पिछली साल इसी अवधि में यह 17.06 करोड़ किलो रहा था। चाय बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान उत्तर भारत से निर्यात 11.31 करोड़ किलो रहा, जबकि पिछली साल इसी अवधि में यह 9.91 करोड़ किलो था। दक्षिण भारत से 2025 के पहले आठ महीनों के दौरान निर्यात की मात्रा 6.128 करोड़ किलो रही जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 7.14 करोड़ किलोग थी। जनवरी से अगस्त 2025 के दौरान निर्यात का मूल्य 5143.56 करोड़ रुपये रहा जो 2024 की इसी पिछली अवधि में 4461.95 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 में चाय का निर्यात 25.78 करोड़ किलोग्राम रहा था।

### ओला इलेक्ट्रिक बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली क्षेत्र में प्रवेश करेगी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने देश के बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बाजार में प्रवेश करने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने अपना पहला आवासीय बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) समाधान ओला शक्ति पेश किया है। देश के बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बाजार के 2030 तक बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है। ओला इलेक्ट्रिक के एक प्रमुख अ ?धिकारी ने कहा ?कि भारत को ऊर्जा की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है; बल्कि वह ऊर्जा भंडारण के अवसर को देख रहे हैं। ओला शक्ति के साथ हम उस अवसर को ऊर्जा स्वतंत्रता में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इलेक्ट्रिक परिवहन के लिए विश्व स्तरीय बैटरी एवं सेल प्रौद्योगिकी का निर्माण किया है। ओला शक्ति इस नवाचार को घरों तक पहुंचाती है, जिससे उन्हें स्वच्छ ऊर्जा को समझदारी से संग्रहीत और उपयोग करने में मदद मिलती है।

### ताइवान की चिप विनिर्माता कंपनी टीएसएमसी का मुनाफा 40% बढ़ा

**हांगकांग।** ताइवान की अग्रणी कंप्यूटर चिप विनिर्माता कंपनी टीएसएमसी का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में करीब 40 प्रतिशत बढ़ गया। ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर विनिर्माता कंपनी है। जुलाई-सितंबर तिमाही में इसने रिकॉर्ड 452.3 अरब नए ताइवान डॉलर (15 अरब डॉलर) का मुनाफा दर्ज किया, जो विश्लेषकों के अनुमान से कहीं अधिक है।

### एलारा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में दावा

# घरेलू बचत में बदलाव भारत के आर्थिक भविष्य की दिशा तय करेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलारा सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए घरेलू बचत को उत्पादक संपत्तियों की ओर निर्देशित करना आवश्यक है। ब्रोकरेज का अनुमान है कि भारत की सकल वित्तीय बचत आने वाले वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ सकती है, और यह देश की जीडीपी का लगभग 11 से 12 प्रतिशत हिस्सा बन सकती है। भारत की दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की महत्वाकांक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश अपने घरों की बचत को कितनी प्रभावी ढंग से उत्पादक संपत्तियों में लगाता है। यह बात एलारा सिक्योरिटीज की हालिया रिपोर्ट में कही गई है।

आने वाले वर्षों में बदलाव की संभावना: रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में घरेलू बचत की संरचना में बड़ा परिवर्तन हो रहा है। यह बदलाव अनुकूल जनसांख्यिकी, सरकारी सुधार, आर्थिक नीतियां और मजबूत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा समर्थित है। ये सभी कारक आने वाले वर्षों में भारतीय घरों के बचत और निवेश के तरीके में स्पष्ट बदलाव लाने की संभावना रखते हैं।

अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की स्थिति: रिपोर्ट ने कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए घरेलू बचत को उत्पादक संपत्तियों की ओर निर्देशित करना आवश्यक है।

### सर्राफा बाजार की राय

# धनतेरस और दिवाली में जानबूझकर बनाई जा रही चांदी की किल्लत

**मुंबई ■ एजेंसी**

व्यापारिक अधिकारियों और विशेषज्ञों का कहना है कि चांदी एक्सचेंज ट्रेडड फंड्स (ईटीएफ) और भौतिक बार व सिक्कों की बढ़ती निवेश मांग के बीच चांदी की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। बावजूद इसके बाजार में चांदी की खरीदारी सामान्य रूप से हो रही है।

चांदी में त्योहारी महीने में जोरदार तेजी जारी है, जो दिवाली सप्ताह से पहले लगातार बढ़ रही है। 14 अक्तूबर, 2025 को 10 ग्राम चांदी की कीमत पिछले दिन से बढ़कर 1,890 रुपये हो गई। यह तेजी 13 अक्तूबर, 2025 को देखी गई इसी। इस तेजी को देखते हुए निवेशकों और आम उपभोक्ताओं ने चांदी की खरदारी शुरू कर दी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मुंबई के सराफा बाजार में चांदी की शॉर्टेज देखने को मिली। गुरुवार को मुंबई के जावेरी बाजार में चांदी खरीदने आए उपभोक्ताओं को खाली



हाथ जाना पड़ा, क्योंकि बाजार चांदी की सीमित होने की वजह से डिलीवरी दो से तीन दिन में देने की बात कही। चांदी के बर्तन तो उपलब्ध थे लेकिन बार और कॉइन नहीं थे। बाजार के जानकर कहते तेजी की वजह से रिटेलर मुनाफा कमाने के लिए भी चांदी की सिमिता दिखाकर 20 से 25 हजार अतिरिक्त प्रीमियम पर बिक्री की है, जिनके पास चांदी का स्टॉक अधिक था उसने इसका फायदा लिया है।

सर्राफा बाजार में चांदी की शार्टेज नहीं: इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र मेहता ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि वैश्विक स्पॉट मार्केट में मूल्य अधिक होने की वजह से इसका प्रभाव देखा जा रहा था, फिलहाल सर्राफा बाजार में चांदी की कमी नहीं है। बाजार में चांदी की खरीदारी सामान्य रूप से हो रही है। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी की कीमतें दोनों ही अपने उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। इसलिए धनतेरस और दिवाली में आभूषणों की बिक्री 25 से 30 प्रतिशत कम होने का अनुमान है, जबकि सोने और चांदी के सिक्कों की मांग बढ़ेगी। सिल्वर इंपोरियम के राहुल मेहता कहते हैं कि चांदी की उपलब्धता सीमित थी, लेकिन बिल्कुल समाप्त नहीं थी, फिलहाल बाजार में चांदी की कमी नहीं है। चांदी की उपलब्धता सीमित होने की खबर के बाद सर्राफा बाजार में उपभोक्ताओं ने जल्दबाजी में 20 से 25 हजार रुपये अतिरिक्त प्रीमियम चुका कर भी चांदी की खरीदारी की है। फिलहाल बाजार में चांदी अब अपने मूल्य पर उपलब्ध है।

दिवाली के बाद चांदी की कीमतों कमी के संकेत: व्यापारिक अधिकारियों और विशेषज्ञों का कहना है कि चांदी एक्सचेंज ट्रेडड फंड्स (ईटीएफ) और भौतिक बार व सिक्कों की बढ़ती निवेश मांग के बीच चांदी की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। स्टार प्रचारकों में अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, धर्मेन्द्र प्रधान, महामंत्री विनोद तावड़े, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जैसे दिग्गजों के साथ भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह, रवि किशन और दिनेशलाल यादव 'निरहुआ' को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त इस सूची में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, स्मृति ईरानी के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी स्टार प्रचारकों में है।

### हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार सबसे बड़ी समस्या: भैय्याजी जोशी

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी ने कहा कि विश्व ने भारत को जिम्मेदारी दी है कि वह विश्व का शुद्धिकरण करे। भारत का सदा से विश्व को श्रेष्ठ देने का मन रहा है और इसे भारत सदैव देता रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी विचार को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार को सबसे बड़ी समस्या है। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी भैय्याजी गुरुवार को यहां आईआईटी रुड़की में प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। यह गोष्ठी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित की गई थी। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भैय्या जोशी ने कहा कि 100 साल की सामाजिक यात्रा में संघ ने विश्व को भारत के उस रूप का बोध कराया है, जिसका जिक्र स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंदो ने किया था। हजारों साल की जीवन यात्रा से भारत के जीवन मूल्य तय हुए जो सामान्य लोगों के जीवन से आए। जोशी ने हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार को सबसे बड़ी समस्या बताया। युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि भारत को जानो, भारत को मानो और भारत को बनाओ मंत्र का अनुसरण करें। भारत को बनाने में सभी ने भूमिका निभाई। मुगलों के साथ युद्ध में महाराणा प्रताप को भील समाज ने समर्थन दिया। भैय्या जोशी ने कहा कि शौर्य का मतलब दुर्लभ की रक्षा करना है, यही भारत की दृष्टि है। हमें नई पीढ़ी को तर्क के आधार पर अपनी चिंतन और संस्कृति की विशेषताएं बतानी है। केवल राजा के आधार पर समाज नहीं चलता है। समाज संचालन के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है, जो मनुष्य को मानव बनाये मशीन नहीं। देश का औद्योगिकरण हो, कलाकारों के द्वारा सकारात्मक संदेश समाज में दिए जाएं, धार्मिकता से भी सकारात्मक का ज्ञान समाज को दिया जाए और देश शौर्यशाली बने।

### दिल्ली में 80 दिन तक वैश्विक स्तर के संगीत व सांस्कृतिक समारोह होंगे आयोजित : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में आने वाले 80 दिनों में 30 से अधिक बड़े और यादगार भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो पहले कभी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी को इवेंट-फ्रेंडली सिटी बनाने के लिए ही बड़े स्टेडियमों व सभागारों के किराए में प्रभावी कमी की गई है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 'विरासत भी-विकास भी' मंत्र के साथ सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। इसमें दिल्ली के पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए।

### यूट्यूबर एल्विश व सिंगर फाजिलपुरिया के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**गुरुग्राम।** अपने गानों में सांपों का इस्तेमाल कर वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट का उल्लंघन करने के आरोपों में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव और सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को विशेष पीएमएलए अदालत गुरुग्राम में चार्जशीट दाखिल कर दी। चंडीगढ़ की म्यूजिक कंपनी स्काई डिजिटल को सह-आरोपी बनाया गया। अब ईडी ने पीएमएलए अदालत में दाखिल किए गए आरोप पत्र में कहा है कि स्काई डिजिटल कंपनी इस गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त थी। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि इस गतिविधि से की गई कमाई को प्रॉपर्टी में निवेश किया गया था। इसे देखते हुए ईडी ने उनकी 55 लाख रुपए की संपत्ति अटैच की है।

## बिहार विधानसभा चुनाव : भाजपा की राह पर बिहार में राजग के सहयोगी, 183 उम्मीदवार में एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं

**पटना ■ एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ने अब तक 182 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इनमें एक भी मुस्लिम नहीं है। अब तक घोषित उम्मीदवारों से साफ है कि राजग के घटक दल भी अब भाजपा की राह पर चल पड़े हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपने कोटे के सभी 101 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी। भाजपा ने पहली लिस्ट में 71 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इसके बाद बुधवार को भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की और फिर बुधवार देरात शेष बचे 18 उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा कर दी। इसी तरह जदयू ने भी 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं है। लोजपा-आर की 15, हम की 06 और उपेंद्र कुशवाहा की अगुवाई वाली आरएलएम 04 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इनमें से एक एक भी सीट पर अल्पसंख्यक उम्मीदवार को तव्वजों नहीं दी गई है।



भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची में राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और वैश्य वर्ग पर अपना राजनीतिक दांव लगाया है। अधिकांश स्थानों पर उम्मीदवार इन्हीं जातियों से चुने गए हैं, जबकि यादव समुदाय के कई नेताओं के टिकट इस बार कट गए हैं। यहां तक कि बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव तक को टिकट नहीं मिला। हालांकि, उसकी क्षतिपूर्ति दानापुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव को टिकट देकर की गई है।

भाजपा की सूची से यह साफ दिखाई देता है कि जहां-जहां सवर्ण जातियां सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावशाली हैं, उन इलाकों में पार्टी ने खुल कर उन्हीं को टिकट दिया है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि भाजपा को विश्वास है कि नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सवर्ण उम्मीदवारों को अति पिछड़े वर्ग का समर्थन प्राप्त हो सकता है। यह वर्ग राज्य में लगभग 36 प्रतिशत मतों का हिस्सा रखता है और इन्हें अक्सर चुप्पा वोटर भी कहा जाता है। हालांकि मगध क्षेत्र में चंद्रवंशी समाज राजनीतिक रूप से मुखर है और उन्हें अपनी सक्रियता का लाभ भी मिलता आया है, लेकिन वह प्रभाव उस स्तर का नहीं है जो पिछड़े वर्ग में अग्रणी जातियों को प्राप्त होता है।

जद (यू) की सूची अपेक्षाकृत मिश्रित है, परंतु दोनों दलों ने यादव उम्मीदवारों को सीमित अवसर दिए हैं। अब तक जद (यू) की सूची में एक भी मुस्लिम नेता को टिकट नहीं मिला है। यहां तक कि मंडल आयोग के जनक स्वर्गीय बीपी मंडल के पौत्र का भी टिकट काट दिया गया है। अति पिछड़े वर्ग के वोटों के सहारे मजबूत उम्मीदवार उतारने की रणनीति मूलतः नीतीश कुमार की रही है, जिसे भाजपा ने सन 2017 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहली बार अपनाया और फिर योगी आदित्यनाथ ने यही फ़ॉर्मूला 2022 में भारी बहुमत के साथ दोहराया। जब दोनों दलों की संपूर्ण सूची जारी होगी, तब यह समझ पाना अधिक स्पष्ट हो सकेगा कि राजग इस बार चुनावी धारा को किस दिशा में मोड़ने की रणनीति बना रही है।

उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों राज्यों में चुनावी जीत का मुख्य आधार अति पिछड़ा वर्ग रहा है। सन 2005 के चुनाव से ही यह वर्ग नीतीश कुमार के साथ मजबूती से जुड़ा रहा है। इस वर्ग में सैकड़ों जातियां आती हैं, परंतु कर्पूरी ठाकुर के निधन के बाद इनका कोई राज्यस्तरीय नेता उभर नहीं पाया।

### युद्ध की बदलती प्रकृति को समझने और उसके अनुसार ढलने की आवश्यकता पर जोर

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का ज्वलंत प्रमाण है : राजनाथ

**मुंबई ■ एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की बढ़ती स्वदेशी शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण है, जो देश में आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के सरकार के अथक प्रयासों से प्राप्त हुआ है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को विश्वास और दृढ़ता जैसे गुणों के महत्व समझा रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जब सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना शुरू किया, तो आरंभ में यह कठिन लग रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घरेलू रक्षा विनिर्माण के विस्तार में कोई कसर न छोड़ते हुए पूरी कोशिश की गई। इसी संकल्प के कारण सकारात्मक परिणाम मिलने लगे। उन्होंने कहा कि हमने रक्षा क्षेत्र में बदलाव का संकल्प लिया है क्योंकि देश की स्वतंत्रता के बाद से ही हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं। हम हथियार खरीदने के आदी हो गए थे क्योंकि हमारे पास भारत में निर्माण करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी थी और हमारे पास रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी क़ानून भी नहीं थे। इसमें बदलाव की आवश्यकता थी। अब हमारा संकल्प है कि भारत अपने सैनिकों के लिए स्वदेश में निर्मित हथियार बनाए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने हमारे सैनिकों की वीरता देखी। उन्होंने कहा कि निर्धारित व्यापक लक्ष्य देश में निर्मित रक्षा उपकरणों के उपयोग से ही हासिल किया है।

#### रक्षा मंत्री ने स्वदेशी हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पुणे में डीआरडीओ की प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें रक्षा मंत्री जोरावर टैंक पर भी सवार हुए। प्रदर्शनी का निरीक्षण करने के बाद राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों, युद्ध की बदलती प्रकृति को समझने और उसके अनुसार ढलने की आवश्यकता पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति ने आज डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रमुख प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) का दौरा किया। इस दौरान समिति ने क्लस्टर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित अत्याधुनिक उत्पादों का निरीक्षण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री जोरावर टैंक पर भी सवार हुए। प्रदर्शनी में उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, पिनाका रॉकेट सिस्टम, हल्का टैंक जोरावर, पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफ़ॉर्म और आकाश-नई पीढ़ी की मिसाइल को दर्शाया गया।

रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सालाना रक्षा उत्पादन 46 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड डेढ़ लाख करोड़ रुपये का हो गया है, जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये का है। उन्होंने वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा विनिर्माण लक्ष्य और 50 हजार करोड़ रुपये के निर्यात लक्ष्य हासिल होने का विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक उपलब्धियों से आगे बढ़कर सृजनकर्ता, नवोन्मेषक और राष्ट्रीय विकास में योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सच्ची सफलता केवल शैक्षणिक उपाधि हासिल करने में नहीं, बल्कि सामाजिक लाभ के लिए ज्ञान के सार्थक उपयोग में निहित है।

रक्षा मंत्री ने प्रौद्योगिकी में विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव का उल्लेख करते हुए इस आशंका को निर्मूल बताया कि इससे नौकरी जाने और मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कभी मानव श्रम की जगह नहीं लेगा, बल्कि जो लोग एआई का उपयोग करते हैं, वे उन लोगों की जगह लेंगे जो इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक को मानवीय संवेदनशीलता, मूल्यों और नैतिकता का विकल्प नहीं, बल्कि साधन मात्र बनाए रखना चाहिए। राजनाथ सिंह ने युवाओं से तुलनाओं में उलझने की बजाय अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के तहत राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्कूल ऑफ डिफेंस एंड एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के अन्य मंत्री और विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे।

## दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई में बड़ी सफलता : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नक्सलियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जो आत्मसमर्पण करेंगे उनका स्वागत है, लेकिन जो बंदूक उठाए रहेंगे उन्हें सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। शाह ने छत्तीसगढ़ के दो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को आतंकमुक्त घोषित करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प पर दृढ़ है। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि छत्तीसगढ़ में आज 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जबकि एकदिन पहले 27 नक्सलियों ने हथियार डाले थे। महाराष्ट्र में भी 61 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की। इस तरह पिछले दो दिनों में कुल 258 वामपंथी उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने लिखा, हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में विश्वास पुनर्स्थापित करने वाले सभी नक्सलियों के निर्णय की मैं सराहना करता हूं।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित कालोनी लालबाग पार्ट बी न्यू इंदिरा कालोनी बुरहानपुर में स्थित भवन/भूखण्ड कमांक LB-78 LIG मंडल द्वारा श्रीमती भानूमति पाटीदार पति स्व. श्री अमरकांत पाटीदार के नाम आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 05/03/2003 को पंजीकृत है। श्रीमती भानूमति पाटीदार की मृत्यु दिनांक 22/06/2008 को हो जाने से इनकी एक मात्र पुत्री श्रीमती जयश्री पटेल पिता स्व. श्री अमरकांत पाटीदार (पति श्री दिलीप पटेल) द्वारा शपथ पत्र, अन्य कोई वारसान न होने बावत् शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अन्य दस्जावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति अपने नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः श्रीमती भानूमति पाटीदार की मृत्यु उपरांत इनकी पुत्री श्रीमती जयश्री पटेल पिता स्व. श्री अमरकांत पाटीदार (पति श्री दिलीप पटेल) के नाम से प्राप्त आवेदन अनुसार नामांतरण करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी /वित्तिय संस्था/परिवार के सदस्य इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल
संभाग खण्डवा

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा (ई-निविदा), इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-148-2025 दिनांक 13.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मान के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 16424239/-, **बयाना राशि रूपये:** 232100/-, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-149-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 8867074/-, **बयाना राशि रूपये:** 177400/-, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-150-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 13199848/-, **बयाना राशि रूपये:** 216000/-, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-151-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल इंजीनियर (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 11486891/-, **बयाना राशि रूपये:** 207400/-, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू.-जे.बी.पी.-152-2025 दिनांक 14.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालक के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति।, **कार्य का अनुमानित मूल्य:** 11789177/-, **बयाना राशि रूपये:** 209000/-, **उपरोक्त सभी निविदाओं की समापन अवधि:** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 06/11/2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथि:** 06/11/2025। उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## एनडीए का मतलब नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस ही नहीं इसका मतलब नेशनल डेवलपमेंट एलायंस भी है: अनुराग ठाकुर

**अररिया (बिहार) ■ एजेंसी**

अररिया के कुर्साकांटा सुभाष स्टेडियम में केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री एवं हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को सिकटी के भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार मंडल के नामांकन सह आशीर्वाद यात्रा के तहत आयोजित जनसभा में जमकर दहाड़ा।उन्होंने कहा कि एनडीए के मतलब नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस ही नहीं इसका मतलब नेशनल डेवलपमेंट एलायंस भी है।अर्थात जहां एनडीए है वहां विकास है,विश्वास है,सुशासन है,बढ़िया उद्योग है,जनता का राज है,पूरे होते काज हैं,बढ़िया लॉ एंड ऑर्डर है,सुरक्षित बॉर्डर है और युवाओं के हाथ में काम है। अपने संबोधन में सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी के समान ही अररिया में सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विजय कुमार मंडल की जोड़ी है।जिन्होंने मिलकर अररिया में विकास की कई नई गाथा को लिखने का काम किया।अररिया गलगलिया नई रेल लाइन चली तो वंदे भारत और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी चली।सड़क बने तो बिजली मिली।पॉलीटेक्निक कॉलेज से लेकर मेडिकल कॉलेज तक बना। सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की धरती माता जानकी,भगवान बुद्ध,भगवान महावीर,गुरु गोविंद सिंह की जन्मभूमि के साथ बिहार के वीर सपूतों वाली सैनिकों की धरती है और इस धरती को नमन करते हैं।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नापाक इरादों के खिलाफ मोदीजी ने भारतीय सैनिकों को खुली छूट दे दी।जिसके परिणाम स्वरूप सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशन सफल हुए। बिहार में लालू राबड़ी शासनकाल को याद करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि लालू के जंगलराज में सूर्य अस्त,बिहार त्रस्त,जनता पस्त और अपराधी मस्त थे।लेकिन एनडीए के शासनकाल में स्थिति बदली।



## हमास को निशस्त्र करने के लिए अमेरिकी सेना की जरूरत नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच लागू युद्धविराम के सूत्रधार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहा कि हमास को हर हाल में हथियार छोड़ने होंगे। उन्होंने आश्वस्त होते कहा कि हमास को निशस्त्र कराने के लिए अमेरिकी सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने बुधवार को दोहराया, हम चाहते हैं कि हमास हथियार छोड़ दे। हमास ऐसा करने के लिए सहमत भी हो गया है। अब हमास को ऐसा करना ही होगा। अगर वह ऐसा नहीं करता, तो हम उसे ऐसा करने पर बाध्य कर देंगे। उन्होंने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि अमेरिकी सेना को इसमें शामिल होने की जरूरत नहीं होगी। इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार को कहा था उग्रवादी समूह का निशस्त्रीकरण गाजा शांति प्रस्ताव का प्रमुख हिस्सा है।

### राजद-कांग्रेस पर उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ का निशाना

## अब कोई भी बिहार को पुराने लालटेन युग में नहीं ले जा पाएगा

**पटना ■ एजेंसी**

*भाजपा के नेता एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार विधानसभा के चुनावी रण में उतर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को दूसरी जनसभा सहरसा में की। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार को आज जब मेट्रो, रेल कनेक्टिविटी, हाईवे, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, वाटरवे के रूप में पहचान मिल रही है तो इस पहचान को फिर से धूमिल करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस ने शिगूफा छोड़ा है कि विकास नहीं, बुर्का चाहिए। इससे यह लोग फर्जी मतदान कराकर गरीबों-दलितों के हकों पर डकैती डाल सकें। चुनाव में यह विकास की बात नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि बिहार अब पुराने लालटेन युग में नहीं जाएगा, नीतीश जी (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार) इसे एलईडी की दूधिया लाइट में लेकर आगे बढ़ चुके हैं।*

*योगी आदित्यनाथ ने यहां नामांकन रैली में सहरसा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार आलोक रंजन झा, सोनबरसा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह व सिमरी बख्तियारपुर से संजय सिंह (लोजपा) को जिताने की अपील की। योगी ने दोनों विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि फर्जी वोट डलवाएंगे, लेकिन चेहरा नहीं दिखवाएंगे। तीर्थयात्रा में विदेश जाएंगे, एयरपोर्ट पर चेहरा दिखाएंगे, पासपोर्ट पर फोटो भी दिखाएंगे, लेकिन बिहार में वोटिंग पर कहेंगे कि बुर्का को छेड़ो मत, चेहरा दिखाओ मत, फर्जी वोट डलवाने दो। कांग्रेस व राजद फिर से गरीबों के हकों पर डकैती डालने की साजिश कर रहे हैं। इनकी साजिश को सफल नहीं होने देना है, क्योंकि कांग्रेस व राजद ने बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था।*



*उप्र मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि यह अपने शासनकाल में भारत को अपमानित करते थे। घुसपैठ कराकर अराजकता फैलाते थे। राजद ने बिहार का नहीं, परिवार का विकास किया। राजग पूरे भारत के लिए सोचता है। 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बिहार में विकास नई आभा के साथ आगे बढ़ रहा है। बाढ़ की समस्या का समाधान बढ़ रहा है। अब गरीबों को योजनाओं का लाभ मिलता है। पहले यह कांग्रेस-राजद व उनके पार्टनर्स में बंट जाता था। योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला तो महापुरुषों की प्रेरणा से उप्र में हमने नया करने का कार्य किया है। जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि (सिताबदियारा) का जिक्र किया और कहा कि हमने उनका पावन स्मारक बनाया।*

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(Government of M.P. Undertaking)
Office of The General Manager (O&M) Circle-Narmadapuram
Phone No. : 07574-255594, Fax No. : 07574-256180, E-mail ID : mpczgmhoshangabad@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-Tenders are invited from the eligible bidders for carrying out the following works for Rate Contract Basis. The Contractors having registration in PWD or any other Department of Govt. of M.P. or Central Govt.

| Tender Specification No. | Name of Works | App.Value of Tender (In Lalkh) including GST | EMD Fee (In Rs.) | Tender Fee (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| GM/O&M/Pur/2025-26/4870/NIT/17 Dated 16.10.2025 | Work of parking shed at circle office campus under O&M Circle Narmadapuram | 0.90 Lakh | 2700/- | (100 + 18% GST) |
| GM/O&M/Pur/2025-26/4864/ NIT/18 Dated 16.10.2025 | Construction of Toilet at 33/11 Sub Station Chorahat in D/c Semriharchand Under (O&M) Division Sohagpur under (O&M) Circle", MPMKVVCL, Narmadapuram | 1.50 Lakh | 4500/- | (200 + 36 18% GST) |

**Date of Sale of Tender :- 17.10.2025, 18:30 Hrs. up to 30.10.2025, 15:00 Hrs.**
**Due Date for Online Submission of Tender :- 30.10.2025 up to 15:00 Hrs.**
**Due date & Opening of Tender :- 31.10.2025 at 15.30 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122603/2025 **GM (O&M)**

### पटाखा बाजार में नपा ने जारी किए निर्देश

## दुकानों के सामने रखना होगा डस्टबिन, फस्ट यूज पॉलिथिन रहेगी प्रतिबंधित



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और राजस्व सभापति निर्मला हंस राय के निर्देश पर आज गुप्ता ग्रांउड में दुकानदारों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि फटाखा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर दुकानदारों को दुकानों के सामने डस्टबिन रखने, कचरा न करने तथा फस्ट यूज पालिथिन का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। आज समस्त दुकानदारों को स्वच्छता संबंधी समझाइश दी गई। फटाखा बाजार में सतीष यादव सहित नगरपालिका की टीम उपस्थित रही।

## त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच का अभियान जारी



**सिवनी मालवा ■ निसं**

अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा सरोज परिहार के निर्देशन में नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान के साथ खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें साई स्वीट्स बानापुरा से बर्फी और कुंदा ओम राजस्थान मिष्ठान भंडार से पिस्ता बर्फी, मावा के नमूने लिए गए।

साथ ही रिलायंस रिटेल लिमिटेड के स्मार्ट प्वाइंट का संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें मौके पर वेस्ट बिफोर निकले हुए खाद्य सामग्री का प्रदर्शन और विक्रय होना पाया गया तब खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आटा चावल और मूंग के नमूने जांच हेतु लिए गए और संबंधित फर्म को नोटिस जारी किया गया।

वेस्ट बिफोर तिथि निकल शेष आटा और चावल जप्त किए गए तथा मौके पर उपस्थित खाद्य कारोबार करता की सहमति से बेस्ट बिफोर निकले अन्य लस्सी और खराब हो चुके खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया गया।

नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त अभियान जिला प्रशासन के निर्देशन में सतत रूप से जारी रहेगा।

### संक्षिप्त समाचार

## रेडक्रॉस ने शिक्षकों व छात्रों को दी सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश शासन एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा भोपाल के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता अभियान सप्ताह का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है।इसी क्रम में 16 अक्टूबर 2025 को पं. रामलाल शर्मा स्मृति स्कूल, नर्मदापुरम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन श्री अरुण शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में लगभग 60 प्रतिभागियों—शिक्षकों एवं छात्रों—ने भाग लिया।कार्यक्रम में डॉ. राजेश माहेश्वरी, चिकित्सक, जिला अस्पताल नर्मदापुरम ने आकस्मिक दुर्घटना में घायल या बेहोश व्यक्ति की जान बचाने हेतु सीपीआर की सरल एवं प्रभावी तकनीक का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि आपातकालीन स्थिति में समय पर सीपीआर देकर किसी की भी जान बचाई जा सकती है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** गुरूवार को जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नर्मदापुरम में जून तिमाही 2025 के लिए डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिले के सभी संबंधित विभाग प्रमुखों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला बैंक समन्वयक और सभी बैंकों के शाखा प्रमुख डीएलसीसी बैठक में सम्मिलित हुए। सीईओ जैन ने सभी सरकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए शासन द्वारा प्रायोजित जनहितकारी योजनाओं के लंबित ऋण मामलों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। सीईओ जैन ने बैठक के दौरान उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंकों को योजनाओं से संबंधित अधिक से अधिक ऋण आवेदन जमा प्रेषित किये जाऐं। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों को यह निर्देश भी दिये कि बिना वैध कारण के ऋण अस्वीकार न करें, शासन द्वाास संचालित योजनाओं के अनुरूप सभी स्वीकृत प्रकरणों में हितग्रहियों को ऋण उपलब्ध करवायें।

## एसडीएम ने किसानों को दी नरवाई प्रबंधन की जानकारी

**नर्मदापुरम।** गुरूवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती नीता कोरी द्वारा ग्राम निमसाडिया के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम के प्रमुख किसानों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक के दौरान एसडीएम द्वारा किसानों को नरवाई का उचित प्रबंधन करनें के विभिन्न तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई एवं उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया गया। एसडीएम ने किसानों से अपील भी की कि कोई भी किसान नरवाई में आग न लागाऐ। उन्होनें बताया कि जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित है एवं नरवाई जलानें पर जुर्माने सहित एफआईआर होने पर वैधानिक कार्यवाही का सामना भी करना पड़ सकता है।

### परियोजना स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मानसिक एवं साइको-सोशल स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। अक्टूबर माह की थीम मानसिक एवं साइको-सोशल स्वास्थ्य पर केंद्रित रही, जिसे विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर) और विश्व खाद्य दिवस (16 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में मनाया गया।



इस अवसर पर सेक्टर-2 इटारसी के माध्यमिक कन्या शाला, पुरानी इटारसी में एक संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहयोगी वातावरण का निर्माण करना, किशोरियों में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना तथा समुदाय की भावनात्मक आवश्यकताओं को समझना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का परियोजना स्तरीय समापन समारोह भी आयोजित किया गया। सेक्टर 2 इटारसी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 12, वार्ड 6 से पोषण माह का समापन किया गया, जिसके अंतर्गत संतुलित आहार, स्वच्छता एवं पोषण के महत्व पर चर्चा की गई और थीम-आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कार्यक्रम को आकर्षक और सहभागितापूर्ण बनाने हेतु किशोरी बालिकाओं के बीच रंगोली, पेंटिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवयानी अंजीकर, द्वितीय साधना सरयाम तथा तृतीय राधिका पथोरिया ने प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम छवि, द्वितीय भूमि, एवं तृतीय सृष्टि रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पूर्वी कहार, द्वितीय आसिफा खान तथा तृतीय अंजलि पथोरिया ने स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें किशोरियों के बीच संवाद सत्र, समूह चर्चा, पोस्टर प्रदर्शन तथा सोशल मीडिया प्रचार भी शामिल रहे। विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में वार्ड पार्षद श्री जिम्मी कैथवास, परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती रेखा चौरे, पर्यवेक्षक श्रीमती मीना गांठले एवं श्रीमती रखी मौर्य, पोषण अभियान समन्वयक सुश्री हिना खान, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती नीतू चौहान, वरिष्ठ शिक्षक श्री आर.के. सेजकर, शिक्षिका श्रीमती पुष्पा साहू, एएनएम सुश्री सुनीता निगम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ और अनेक किशोरी बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा किया गया। समापन अवसर पर अधिकारियों एवं अतिथियों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और पोषण दोनों ही एक सशक्त एवं स्वस्थ समाज की नींव हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में संतुलित आहार, स्वच्छता और मानसिक सशक्तता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केवल शिक्षा का अभियान नहीं, बल्कि बालिकाओं के समग्र मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास का प्रतीक है। वहीं पोषण माह के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि प्रत्येक परिवार में पोषण और मानसिक स्वास्थ्य को समान महत्व दिया जाएगा, ताकि एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर और सशक्त नारी के निर्माण की दिशा में समाज एक कदम आगे बढ़े।

## नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की जनसुनवाई, नागरिकों की समस्याओं का किया समाधान



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। जिससे हर जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

यहां तक कि अब पार्षद भी अपने वार्डों की समस्याओं का समाधान कराने जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं। आज नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नगर से संबंधित छोटी बड़ी करीब 15 समस्याएं आई। जनसुनवाई के दौरान वार्ड पार्षद बिंदिया मांझी, पार्षद नरेंद्र पटेल द्वारा भी अपने वार्डों की समस्याएं बताकर समाधान करवाया। जनसुनवाई में उपयंत्री अंबक पाराशर, रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

वार्ड 31 पार्षद नरेंद्र पटले ने जनसुनवाई में बताया कि हमारे वार्ड क्रमांक 31 नर्मदा कालोनी में पानी का प्रेशर कम आ रहा है जिससे कई घरों में पेयजल नहीं पहुंच रहा है। वहीं एसपीएम पुलिया के पास मटन मार्केट की गंदगी फैंकने से बदबू आती है जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। इस समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही जनसुनवाई में स्वच्छता, नाली निर्माण और बिजली संबंधी समस्याएं जिनका समाधान किया जा रहा है।

## आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 2025 अंतर्गत हुआ संभाग एवं जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

गुरूवार को जनपद सभाकक्ष नर्मदापुरम में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 अंतर्गत संभाग एवं जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य विषय में Men streaming, obesity, IYCF, प्राकृतिक एवं जैविक खेती एवं शुद्ध खाद्यान्न रहे। कार्यशाला में जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे, राजेंद्र सिंह ठाकुर, संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संजय कुमार जैन, कृषि वैज्ञानिक नर्मदापुरम डॉक्टर आकांक्षा पांडे, कृषि वैज्ञानिक नर्मदापुरम डॉक्टर प्रवीण सोलंकी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शहरी श्रीमती प्रीति यादव, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण प्रमोद गौर, मनोज चौहान क्षेत्रीय




समन्वयक एम्स भोपाल, जिले के जनप्रतिनिधि, पंच सरपंच आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं एवं स्थानीय जन उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहे।

कार्यशाला का शुभांरभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि सत्कार कर किया गया। कार्यशाला की रूपरेखा के बारे में विस्तार से ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गयाा जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम श्री भूपेन्द्र चौकसे द्वारा प्राक्रतिक एवं जैविक खेती हेतु प्रोत्साहित करते हुए भोजन में अधिक से अधिक पोषक तत्वो के समावेश के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा स्थानीय उत्पादों के माध्यम से किस प्रकार पोषण एवं संतुलित आहार तैयार किया जा सकते हैं इस विषय पर प्रकाश डाला।

## कलेक्टर मीना के निर्देशानुसार डॉ शैलेंद्र नेमा ने किया छात्रावास का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संचालित गुणवत्ता उन्नयन एवं विशेष नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं संस्थाओं का निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में पीपल मोहल्ला, इटारसी स्थित अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण पशुपालन एवं डेयरी विभाग नर्मदापुरम के सिविल सर्जन डॉ. शैलेंद्र नेमा द्वारा किया गया। डॉ. नेमा द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं, क्रियाविधि एवं शैक्षिक वातावरण का अवलोकन करते हुए छात्रावास अधीक्षक एवं स्टाफ की प्रशंसा की गई। उन्होंने छात्रहित में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रावास का अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण उत्कृष्ट है। निरीक्षण के दौरान डॉ. नेमा ने छात्रावास के होनहार विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव यूनिटी मार्च अभियान के जिला संयोजक नियुक्त

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

भारतीय जनता पार्टी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य पर एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिला टोली नियुक्त की है। नर्मदापुरम जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर जिला महामंत्री कुवंर सिंह यादव को अभियान का जिला संयोजक बनाया गया है। अभियान में



जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपक महालहा एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री गुलाब बैंकर को जिला सह संयोजक नियुक्त किया है।

## मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन हेतु ध्यान सत्र आयोजित



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में त्रैमासिक कैरियर कैलेंडर के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर छात्राओं के लिए ध्यान सत्र आयोजित किया गया।

सत्र का संचालन आभा वाधवा द्वारा किया गया, जिन्होंने ध्यान के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक अभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि ध्यान का अर्थ है मन को एकाग्र करना। यह केवल धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जो मनुष्य की चेतना को उच्च स्तर तक पहुँचाती है। नियमित ध्यान से मानसिक शांति, एकाग्रता, शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं आध्यात्मिक विकास प्राप्त किया जा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने कहा कि ध्यान मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक अभ्यास है, जो शरीर, मन और आत्मा-तीनों को संतुलित करता है। आज की तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में ध्यान मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करने का सर्वोत्तम उपाय बन चुका है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्य और समझदारी से कर सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रागिनी सिकरवार, धीरज खातरकर, पूजा गोस्वामी सहित महाविद्यालय की बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नुक्कड़ नाटक एवं रैली द्वारा तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव को बताया गया

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत जिला अस्पताल नर्मदापुरम में लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया और रैली निकाली गई। इसके माध्यम से तंबाकू और उसके उत्पादों तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और कोटपा अधिनियमों की भी जानकारी दी गई। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी/निकोटीन टैबलेट के उपयोग की जानकारी दी गई। जिला अस्पताल नर्मदापुरम के तंबाकू निवारण केंद्र में तंबाकू की आदत छोड़ने के लिए परामर्श दिया जा रहा है।

## छेड़छाड़ के आरोपी के सुसाइड केस में FIR युवती, उसकी बहन और जीजा ने किया था प्रताड़ित

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

छेड़छाड़ के आरोपी अंकित गौर के सुसाइड केस में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि अंकित को एक युवती, उसकी बहन और जीजा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इसी से तंग आकर अंकित ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। पुलिस ने मालाखेड़ी निवासी युवती, उसकी बहन और जीजा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले में तीनों आरोपी फरार हैं।



बता दें 10 अक्टूबर को अंकित के खिलाफ महिला थाने में युवती ने छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। अगले दिन 11 अक्टूबर को अंकित गौर युवती के घर के सामने जाकर हंगामा कर रहा था। युवती के परिजन ने उसे महिला थाने लेकर आए थे। बाद में युवक ने महिला थाने से चला गया। 11 अक्टूबर को युवती के घर के सामने जाकर गाली गलौज करने पर परिजन ने अंकित गौर को पकड़कर महिला थाने लेकर आए थे। महिला थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया और न नोटिस दिया गया।

**विवेकानंद घाट पर मिला था अंकित गौर का शव:** एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि जहाजपुरा निवासी अंकित गौर ने 12 अक्टूबर विवेकानंद घाट पर सुसाइड किया था। शाम को उसका शव मिला था। 13 अक्टूबर को पोस्टमॉर्टम के दौरान जिला अस्पताल में परिजनों ने हंगामा कर युवती, उसकी बहन और जीजा पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। इन्हीं आरोपों के आधार पर पुलिस ने जांच की। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी यह सामने आया कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस ने बताया कि जिन धाराओं में केस दर्ज हुआ है, उनमें जमानत नहीं मिलती। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को केंद्रीय जेल भेजा जाएगा।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाक पंजीयन -MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।